नगर संस्करण
# गुड इवनिंग
सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित
अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 35
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

पेज-6
**टूरिस्ट बोले- कश्मीर की वादियों में खौफ की हवा**



## Short News

### मप्र-राजस्थान सहित 14 राज्यों में आज हीटवेव



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी दी है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया। वहीं, एमपी के 6 जिलों में हीटवेव के आसार है। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है।

### अब नहीं होगा भारत-पाकिस्तान का कोई मैच



**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश है। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। इससे क्रिकेट जगत में भी भारी गुस्सा है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, हम पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते और आगे भी नहीं खेलेंगे। जब हम आईसीसी टूनार्मेंट में खेलते हैं तो वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत होता है, इसलिए खेलना पड़ता है। दोनों देशों ने आखिरी बार 2012-13 में एक दिवसीय और टी-20 सीरीज खेली थी, तब पाकिस्तान भारत दौरे पर आया था।

### चीन अंतरिक्ष में भेजेगा दो पाकिस्तानी यात्रियों को



**बीजिंग।** चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को घोषणा की कि देश के अंतरिक्ष स्टेशन के एक संयुक्त मिशन में भाग लेने के लिहाज से चीन में अंतरिक्ष उड़ान प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान के दो अंतरिक्ष यात्रियों को चुना जाएगा। सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि दोनों पाकिस्तानियों में से एक को पेलोड विशेषज्ञ के तौर पर संयुक्त अंतरिक्ष मिशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। प्रवक्ता ने उत्तर पश्चिम चीन के जिउकुआन में मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। फरवरी में, सीएमएसए ने घोषणा की थी कि चीन पाकिस्तान से एक अंतरिक्ष यात्री को अपने अंतरिक्ष स्टेशन से भेजने की योजना बना रहा है, जो वर्तमान में पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर चक्कर लगा रहा है।

# इंदौर के सुशील नथानियल को अंतिम विदाई देने उमड़ा शहर



गुड इवनिंग, इंदौर

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल अंतिम यात्रा पर निकल गए हैं। वीणा नगर से उनकी पार्थिव देह विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च ले जाई गई। वहां प्रार्थना के बाद जूनी इंदौर कब्रिस्तान में ईसाई रीति रिवाज से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इससे पहले बुधवार रात करीब 9 बजे सुशील नथानियल की पार्थिव देह इंदौर एयरपोर्ट लाई गई।

सुशील की अंतिम यात्रा में जैसे पूरा शहर उन्हें विदाई देने उमड़ पड़ा। क्षेत्र नंबर दो से विधायर रमेश मेंदोला और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित शहर में सभी पार्टी के नेता, विधायक, मंत्री, पार्षद शवयात्रा में शामिल हुए।

**सबक : फिलहाल, पाक के खिलाफ ये एक्शन, और भी फैसले होंगे**

# सिंधु का पानी रोका, वाघा बॉर्डर बंद की

## पूरी दुनिया भारत के साथ, घबराए पीएम शहबाज शरीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए। बैठक ढाई घंटे चली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया, पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। इससे डरकर पाकिस्तान ने गुरुवार सुबह राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ ने बुधवार को ये जानकारी दी।

**हमले के बाद का घटनाक्रम**

- हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है।
- पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा हमले में हमारा हाथ नहीं।
- जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया।
- एनआईए भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है।



**बड़े फैसले**

1. सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से निलंबित।
2. अटारी वाघा बॉर्डर तुरंत बंद कर दी गई है।
3. पाक नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द।
4. दिल्ली में पाक उच्चागोग के सभी अफसरों को जल्द भारत छोड़ने को कहा।
5. भारत में मौजूद सभी पाक नागरिकों को 48 घंटे में लौटन के निर्देश।

### पाक ने कहा- हमले में हमारा हाथ नहीं



आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान भारत से बुरी तरह डरा हुआ है। उसने कहा कि उसका इस हमले से कोई लेना-देना नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है, कि भारत में केंद्र सरकार को नागालैंड, मणिपुर, कश्मीर और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह घरेलू है, क्योंकि सरकार कई लोगों का शोषण कर रही है। उन्होंने सफाई दी कि स्थानीय लोगों को आतंकवादियों का निशाना नहीं बनना चाहिए।

## मंगलवार-बुधवार की पूरी रात खौफ में रहा पाकिस्तान

### आज हाई सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक बुलाई

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को भारत की तरफ से हमले का डर सता रहा है। 18 फाइटर जेट कराची एयर बेस से भारत से लगती सीमा की ओर भेजे गए हैं। पाकिस्तान के ज्यादातर आतंकी ठिकाने पीओके में हैं। उसे भय है कि भारत वहां एयर स्ट्राइक कर सकता है। इसी खौफ में मंगलवार और बुधवार की रात गुजरी।

भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तान ने अपनी वायुसेना को अलर्ट पर रखा है। कई अहम शहरों जैसे लाहौर, कराची, पेशावर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान को आशंका है कि भारत उरी और पुलवामा हमलों की तरह इस बार भी सर्जिकल स्ट्राइक या एयरस्ट्राइक जैसे कड़े कदम उठा सकता है।



## सीबीएसई शिक्षकों के लिए 50 घंटे की ट्रेनिंग अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षकों के लिए एक बड़ी खबर आई है। सीबीएसई ने सभी स्कूलों में शिक्षकों के लिए सालाना कम से कम 50 घंटे की ट्रेनिंग अनिवार्य कर दी है। यह नियम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल प्रोफेशनल स्टैंडर्ड्स फॉर टीचर्स के तहत लागू किया गया है। यह नया नियम सभी सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। अब कोई भी शिक्षक बिना ट्रेनिंग के नहीं रहेगा।

**ट्रेनिंग की समय-सीमा कैसे पूरी होगी? :** 25 घंटे की ट्रेनिंग सीबीएसई या किसी सरकारी ट्रेनिंग संस्था द्वारा करवाई जाएगी। बाकी 25 घंटे की ट्रेनिंग स्कूल स्तर पर की जा सकती है। जैसे साथी शिक्षकों के साथ मिलकर सीखना, स्थानीय स्तर की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना। अब शिक्षकों को एक्सपेरिमेंटल, इनक्वायरी-बेस्ड और इंटर-डिसिप्लिनरी लर्निंग के तरीकों पर ज्यादा ध्यान देना होगा। अब केवल क्लासरूम ट्रेनिंग ही नहीं, बल्कि इन कार्यों को भी कंटीन्यू प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। जैसे- बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ड्यूटी करना, शैक्षणिक रिसर्च करना, सीबीएसई कॉन्फ्रेंस में भाग लेना और डिजिटल कंटेंट बनाना आदि।





**पहली बार बड़े स्तर पर होगा निर्माण, दोगुना मुआवजा लेकर लेंगे जमीन**

# 5 हजार करोड़ में बनेगी कुंभ सिटी

गुड इवनिंग, उज्जैन

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ के लिए 2378 हेक्टेयर भूमि पर 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से स्थायी कुंभ सिटी बनाई जाएगी। इसमें इंटरकनेक्टेड चौड़ी सड़कें, अंडरग्राउंड लाइट, हॉस्पिटल, स्कूल, खूबसूरत चौराहे और सड़क डिवाइडर वाला अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त एक नया शहर बनाया जाएगा। प्लान के मुताबिक उज्जैन विकास प्राधिकरण 1806 किसानों की करीब 5000 सर्वे वाली जमीन को लैंड पुलिंग कर हाईटेक कुंभ सिटी के रूप में तैयार करने जा रहा है। हालांकि, किसान सरकार की जमीन अधिग्रहण पॉलिसी का कई दिनों से विरोध कर रहे हैं।

इसी संदर्भ में सिंहस्थ कुंभ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने योजना को विस्तार से समझाने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आशीष सिंह ने कहा कि ऐसा पहली बार होगा, जब सिंहस्थ भूमि पर स्थायी सड़कें, बिजली के पोल और अन्य निर्माण काम किए जाएंगे। सिंहस्थ की भूमि पर एक धार्मिक शहर का निर्माण होगा। नई कुंभ नगरी बनेगी।



**किसानों को 18 मीटर चौड़ी रोड पर जमीन मिलेगी :** मेला अधिकारी ने बताया कि अब तक मेला क्षेत्र में इस बार स्थायी स्ट्रक्चर बनाया जाएगा, हाईटेक सुविधाएं मिलेगी। लैंड पुलिंग के बाद जमीन की कीमत बढ़ेगी और सभी को 18 मीटर चौड़े रोड पर जमीन मिलेगी

**दोगुना मुआवजा :** इस योजना के तहत कई लाभ मिलने वाले हैं। किसान अपनी भूमि बेच सकेंगे और अपनी 50 प्रश जमीन पर निर्माण की अनुमति भी उन्हें दी जाएगी। क्षेत्र में आश्रम, स्कूल और अस्पताल भी बनाए जाएंगे। स्थायी निर्माण के कारण मेला क्षेत्र को लाभ होगा और उज्जैन में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

गीता भवन में महामंडलेश्वर भास्करानंद के सान्निध्य में भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

# अभिमान से मुक्ति के लिए हृदय को भी झुकाना सीखें

गुड इवनिंग, इंदौर

*श्रीमद भागवत कथा हमें जीवन के दुखों से पार लगाती है, दुख समाप्त नहीं करती। परमात्मा को श्रद्धापूर्व प्रणाम करने वाले लोगों के कल्याण का मार्ग भागवत कथा ही बताती है। दिक्कत यह है कि हमारे अंदर रूप, पद, बल, धन या किसी अन्य तत्व का इतना अहंकार भरा हुआ है कि हम केवल गर्दन झुकातें हैं, हृदय नहीं। अपने अंदर भरे अभिमान से मुक्ति के लिए केवल गर्दन नहीं, हृदय को झुकाना भी सीखना होगा। सुख और दुख जीवन के क्रम है। न तो सुख स्थायी है और न ही दुख। भागवत दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से पार लगाने वाली कथा है। इस कथा के एक भी संदेश को हमने सच्चे मन से आत्मसात कर लिया तो जीवन के सारे पाप, ताप और संताप नष्ट हो जाएंगे।*






ये दिव्य विचार हैं वृंदावन-हरिद्वार की साध्वी कृष्णानंद के, जो उन्होंने मनोरमागंज स्थित गीता भवन सत्संग सभागृह में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभायात्रा भी निकाली गई। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, श्याम मोमबत्तीसहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। व्यासपीठ का पूजन समाजसेवी कमलेश शिवहरे, गौरव शिवहरे एवं अर्पित शिवहरे के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने भी किया। महिला मंडल की ओर से श्रीमती सुजाता, श्रीमती नेहा और श्रीमती चांदनी ने विद्वान वक्ता की अगवानी की। संयोजक कमलेश शिवहरे ने बताया कि गीता भवन में भागवत ज्ञान यज्ञ का यह दिव्य अनुष्ठान 29 अप्रैल तक प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक जारी रहेगा।

साध्वी कृष्णानंद ने कहा कि भागवत कथा स्वयं भगवान की वाणी है। इसके श्रवण से हम दुखों से पार हो सकते हैं, लेकिन दुखों को नष्ट नहीं किया जा सकता। हमारे प्रारब्ध में लिखे हुए दुख तो हमें मिलेंगे ही। हमारे कर्मों के अनुसार जो कुछ हमारे हिस्से में आएगा, उसका भुगतान हमें ही करना है। भागवत का श्रवण दुखों की अनुभूति को घटाता है। भगवान के प्रति हमारे मन में सच्चे मन से श्रद्धा और प्रेम का प्रादुर्भाव भागवत से ही संभव है। आजकल लोगों को डिप्रेशन की बीमारी ज्यादा बढ़ने लगी है। पुराने लोग दादा-दादी और नाना-नानी की कहानी सुनने के कारण कभी डिप्रेशन के शिकार नहीं होते थे और न ही कोई दवाई-गोली लेते थे। अब तो हर दो-चार घर छोड़कर डिप्रेशन के मरीज मिल रहे हैं। यह एकांकीपन का नतीजा है कि हम एक-दूसरे के दुख नहीं बांट रहे हैं।आज हर व्यक्ति साथ में रहते हुए भी अकेला रह गया है। परिजनों के बजाय मोबाईल फोन से ज्यादा दोस्ती हो गई है। परिजनों से संवाद की कमी के कारण ही आज घर-परिवार बिखर रहे हैं। भागवत इन सारे बिखराव को रोकती है।

# आर्ष विद्या भारती एवं एम फॉर सेवा के तीन मंजिला 'दयालय' भवन का काम पूरा

गुड इवनिंग, इंदौर




आर्ष विद्या भारती ट्रस्ट परिवार के तत्वावधान में पद्मभूषण प.पू. स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रेरणा एवं आल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा के प्रांताध्यक्ष स्वामी ऐश्वयार्नंद सरस्वती के सानिध्य में सहयोगी एवं दानदाता बंधुओं के सौजन्य से लगभग सवा करोड़ रु. की लागत से शिवमोती नगर, नवलखा में नव निर्मित तीन मंजिला भवन 'दयालय' में गृह प्रवेश एवं पूजन समारोह का तीन दिवसीय आयोजन गुरुवार, 1 मई से शनिवार, 3 मई तक आयोजित होगा। देश-विदेश से आने वाले संतों के लिए यहां प्रवास एवं सत्संग की व्यवस्था रहेगी।

आर्ष विद्या भारती की ओर से सुनील मालवीय, अरुण बागड़ी एवं राजेश अग्रवाल ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व इस भवन के लिए भूमि पूजन किया गया था। इस अवधि में करीब 2500 वर्गफीट क्षेत्र में यह तीन मंजिला भवन सवा करोड़ रुपए की लागत से बनकर एम फॉर सेवा के स्वामी कृष्णानंद की देखरेख में बनकर तैयार हुआ है। इसमें लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। देश-विदेश से आने वाले संत यहां प्रवास एवं सत्संग कर सकेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव में आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के आचार्यत्व में 1 मई को गणेश पूजन, पंचाग कर्म एवं मंडल देवता की स्थापना के पश्चात सायं 5 बजे आरती, 2 मई को सुबह 9 से 12 बजे तक स्थापित देव पूजन, अरणि मंथन द्वारा अग्नि स्थापना एवं गृह यज्ञ तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक वास्तु देवता हवन एवं जप के पश्चात सायं 5 बजे आरती होगी। शनिवार, 3 मई सुबह 8 से 12 बजे तक गृह प्रवेश पश्चात हवन, दोपहर 2 से 5 बजे तक वास्तु जप एवं हवन, मंडल देवता हवन तथा सायं 5 बजे पूणार्हुति एवं आरती के साथ यह महोत्सव संपन्न होगा। एम फॉर सेवा के प्रांत प्रमुख स्वामी ऐश्वयार्नंद सरस्वती एवं स्वामी कृष्णानंद के अनुसार इस महोत्सव में देश के अन्य प्रमुख संत-विद्वान भी आएंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोलापुरकर को दी श्रद्धांजलि

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने इंदौर प्रवास के दौरान राजेंद्र नगर पहुंचे। उन्होंने मयंक सोलापुरकर के परिजनों से भेंट की और प्रकाश सोलापुरकर के निधन पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने सोलापुरकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं इंदौर के जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



# सामूहिक विवाह का आयोजन 28 मई को

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 14 मई तक कर सकते हैं आवेदन

गुड इवनिंग, इंदौर



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत निर्धनए जरूरतमंद निराश्रित कन्याध्विधवाध्परित्यक्ता के सामूहिक विवाह का आयोजन जनपद पंचायत सांवेर द्वारा 28 मई को किया जाएगा। इस योजना के तहत कन्याओं को 49 हजार रुपए का हितलाभ दिया जाता है। जनपद पंचायत सांवेर से मिली जानकारी के मुताबिक योजना में लाभान्वित कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य हैं। इच्छुक पात्र आवेदक सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए सांवेर जनपद पंचायत ऑफिस में 14 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में आवेदन के लिए समग्र परिवार आईडी की फोटोकॉपीए कन्या के राष्ट्रीयकृत बैंक की बचत पासबुक की कॉपीए आयु प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज ही मान्य होंगे। इसके अलावा आवेदकध्परिवार का मूल निवासी प्रमाण.पत्रए वर एवं वधु की तीन.तीन कलर पासपोर्ट साईज फोटो। यदि कन्या अथवा वर निशक्त हैंए तो सक्षम मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र। वर एवं वधु के राशनकार्ड की फोटोकॉपी। इसके साथ ही कई अन्य दस्तावेज भी लगाना अनिवार्य होंगे।

## आतंकी हमले के कारण रद्द हुआ नगर निगम का कार्यक्रम

इंदौर। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का असर इंदौर के प्रशासनिक कार्यक्रमों पर भी पड़ा। इंदौर नगर निगम द्वारा बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत शहर की एक प्रमुख सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाना थाए लेकिन कश्मीर की घटना को देखते हुए आयोजन को निरस्त कर दिया गया। एमआर.10 से एमआर.12 तक गांव कुमेड़ी भंगिया को जोड़ने वाली लिंक रोड का निर्माण कार्य 32 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। बुधवार सुबह वार्ड क्रमांक 19ए निवर्णा होटल के पास कुमेड़ीए राम मंदिर के पास इस सड़क के भूमिपूजन का कार्यक्रम निर्धारित था। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थींए लेकिन प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा करते हुए इस कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया। आयोजकों ने इसे शोक की घड़ी मानते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम रद्द किया।

# रामकथा की पूर्णाहुति पर यज्ञ में उत्तम स्वामी ने डाली आहुतियां

गुड इवनिंग, इंदौर



अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव की पूर्णाहुति शास्त्रोक्त विधि से यज्ञ-हवन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महामंडलेश्वर महर्षि उत्तम स्वामी के सानिध्य में कथा स्थल पर संपन्न हुई। इस अवसर पर अग्रवाल संगठन नवलखा की ओर से महेश अग्रवाल के साथ पार्षद मृदुल अग्रवाल, संयोजक संदीप गोयल आटो, पूजा गोयल, संजय हाई-वे, गोविंद मोरनी, मंडी अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अखिलेश गोयल, राजेन्द्र समाधान, एवं राजेन्द्र टीटू सहित संगठन के पदाधिकारियों ने भी आहुतियां समर्पित कर समाज और शहर में सदकर्मों की निरंतरता के लिए प्रार्थना की। महामंडलेश्वर महर्षि उत्तम स्वामी ने शहर के अग्रवाल एवं वैश्य बंधुओं के लिए सुख-शांति एवं समृद्धि के साथ ही इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता में अग्रणी होने के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी समर्पित की। इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, यजमान समूह के दुर्गेश गर्ग एवं रामनिवास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आयोजन से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पहलगाम की आतंकी घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि





गुड इवनिंग, इंदौर

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ ने श्रद्धांजलि दी। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ एवं अहिल्या चेम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में कल 57 से अधिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समस्त व्यापारियों ने कल सियागंज स्थित सभा गृह में शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इसमें भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक धीरज खंडेलवाल,अहिल्या चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष नईम पालवाला,किशोर वरलानी,वासुदेव चेलानी,महारानी रोड अध्यक्ष एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी जितेन्द्र रामनानी ,सह-संयोजक गोपाल शाह, नीलेश गुप्ता, यशपाल कुंदवानी, गोरधन मोहता आदि मौजूद रहे।

बिजली नगर स्थित बिजलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# संस्कृति पर हमले के खिलाफ समाज भी हो एकजुट

गुड इवनिंग, इंदौर






सनातन धर्म और संस्कृति पर कायराना हमले के प्रयास आदिकाल से चल रहे हैं। पहलगाम में मंगलवार को जो वीभत्स और जघन्य हादसा हुआ है, यह राक्षसी प्रवृत्ति का प्रमाण है। आज भी विप्रो, गायों, वेदों, यज्ञों और तप-साधना को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्तियां चल रही हैं। पहलगाम का हादसा झकझोर देने वाला है। हमारे निर्दोष भाइयों को जिस निर्ममता से मौत के घाट उतारा गया है, वह कतई सहन करने लायक नहीं है। सरकार के साथ अब समाज को भी संगठित होकर ऐसी विधर्मी ताकतों को मुकाबला करना पड़ेगा। सत्य मनुष्य को निर्भय बनाता है। सत्य के स्वरूप का चिंतन भगवान कृष्ण का ही चिंतन होगा। आज समाज को एक बार फिर राम और कृष्ण जैसे अवतार की जरूरत है। देश-दुनिया के हालात देखकर हमें समझना पड़ेगा कि इन तत्वों से मुकाबला कैसे किया जाए।

यह बात मलूक पीठाधीश्वर जगदगुरू द्वाराचार्य स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य के शिष्य, वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी दीनबंधुदास महाराज ने कही। वे बंगाली चौराहा के पास बिजली नगर स्थित बिजलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर चल रहे संगीतमय भागवत ज्ञानयज्ञ में पहलगाम हादसे में दिवंगत निर्दोष व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संबोधित कर रहे थे। कथा में मौजूद भक्तों ने भी समापन अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में हुए नरसंहार पर कड़ा रोष और दुख व्यक्त किया।

इसके पूर्व बालक ध्रुव की भक्ति और कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि मृत्यु ध्रुव सत्य है। जिसका जन्म हुआ है उसे मरना ही होगा। मृत्यु को कोई नहीं टाल सकता। बालक ध्रुव की भक्ति बाल्यकाल से ही शुरू हो गई थी। भक्ति का बीज बचपन से ही अंकुरित हो जाना चाहिए, पचपन का इंतजार नहीं करें। लोगों को यह भ्रम है कि भक्ति केवल बुढ़ापे में ही करना चाहिए। भक्ति का बीज कभी बंजर नहीं होता। कथाओं में बैठने वालों की फसल भी कभी न कभी फल देती ही है। कथा शुभारंभ के पूर्व व्यासपीठ का पूजन विशाल ठाकुर, रमेश यादव, गिरीश पंवार तथा बिजलेश्वर महादेव मंदिर भक्त मंडल की ओर से मनोज यादव, संजू यादव राजेश सचान, अनिश पांडे, राहुल सिंह, सिकरवार आदि ने किया। संयोजक विशालसिंह सिकरवार ने बताया कि बिजली नगर में भागवत कथा का यह प्रवाह 26 अप्रैल तक प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक जारी रहेगा। कथा में गुरुवार को बाल लीला एवं 56 भोग, शुक्रवार को रुक्मणी विवाह तथा सातवें दिन शनिवार, 26 अप्रैल को द्वारिका लीला, सुदामा एवं परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों के साथ समापन होगा। कथा स्थल पर भक्तों की सुविधा के लिए समुचित पांडाल, छाया, पानी, सफाई, रोशनी, निशुल्क वाहन पार्किंग सहित समुचित प्रबंध किए गए हैं।

# आईटी टेक्नो पार्क से 15 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

## 27 अप्रैल को होने वाले आईटी कॉन्क्लेव में सीएम देंगे एक और आईटी पार्क की सौगात, 1000 करोड़ का होगा निवेश

गुड इवनिंग, इंदौर

27 अप्रैल को आयोजित होने वाले आईटी कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री एक और आईटी पार्क की सौगात देंगे। यह पार्क पंचशील (इंफ्रा डेवलपर) द्वारा तैयार किया जाएगा, जिसका नाम आईटी टेक्नो पार्क होगा। जानकारी के अनुसार, इस पार्क से 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इंदौर के महाप्रबंधक द्वारकेश सर्राफ ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश-विदेश की लगभग 80 आईटी कंपनियों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। सर्राफ ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपर कॉरिडोर पर पंचशील टेक्नो पार्क प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे, जो सीसीआईपी द्वारा आवंटित 10 एकड़ जमीन पर बनेगा। यहां 20 लाख वर्गफुट क्षेत्र में आईटी बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में आईटी कंपनियां प्रारंभिक चरण में लगभग 1 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। इस निवेश से 15 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सिंहासा आईटी पार्क में 120-सीटर इन्क्यूबेशन सेंटर की भी शुरूआत करेंगे, वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और कास्टनेक्स कंपनियों का भी लोकार्पण किया जाएगा।

**पहले भी हुआ है इन्क्यूबेशन सेंटर का शुभारंभ**-इससे पहले एमपीआईडीसी इंदौर के क्रिस्टल आईटी पार्क में भी एक इन्क्यूबेशन सेंटर शुरू किया गया था, जिसने स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब पंचशील टेक्नो पार्क और सिंहासा आईटी पार्क में होने वाले नए प्रोजेक्ट्स से इंदौर की आईटी छवि और अधिक सशक्त होगी। यह पहल न सिर्फ रोजगार को बढ़ावा देगी, बल्कि इंदौर को आईटी हब के रूप में नई ऊंचाइयों पर भी ले जाएगी।

### इन्क्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप्स को मिलेगा नया मंच

प्रोजेक्ट के अंतर्गत 10,248 वर्गफुट क्षेत्र में 100 स्टार्टअप्स के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस सेंटर का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और आईआईटी इंदौर के दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से की जा रही है। यह केंद्र आगामी सात वर्षों तक युवाओं और नवाचार को नया मंच देने का काम करेगा।

### किसानों की सहमति के बाद इंदौर में पश्चिमी रिंग रोड का सर्वे पूरा, मार्किंग शुरू

# 998 किसानों की जमीन लेकर पूरी होगी सड़क

गुड इवनिंग, इंदौर

*पश्चिमी रिंग रोड परियोजना को लेकर जिले की तीनों तहसीलों हातोद, देपालपुर और सांवेर में सर्वे हो चुका है। इसमें 864 किसानों की जमीन मुख्य सड़क और 134 किसानों की जमीन अतिरिक्त सड़क के लिए अधिग्रहित की जाएगी।*



लंबे समय से रुका हुआ सर्वे किसानों की सहमति के बाद शुरू हुआ था। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने भूमि सर्वेक्षण का कार्य कर अधिग्रहित होने वाली जमीन पर मौजूद मकान, दुकान, पेड़, बोरिंग, कुएं और पाइपलाइन जैसे सभी निमार्णों का भी विवरण दर्ज किया। अब सड़क के लिए अधिग्रहित जमीन पर पिलर मार्किंग का कार्य किया जा रहा है। शिप्रा से लेकर पीथमपुर तक बनने वाली 64 किमी लंबी पश्चिम रिंग रोड के लिए जिले की 570.5678 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित होगी। 98.4979 हेक्टेयर शासकीय जमीन पर सीमांकन और अन्य सर्वे पहले ही हो चुका है। राजस्व विभाग ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ अधिग्रहित जमीन व उस पर मौजूद संरचनाओं का सर्वे कर लिया है। इससे किसानों को उचित मुआवजा मिलेगा। देपालपुर एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी का कहना है कि देपालपुर तहसील में पिलर की मार्किंग की जा रही है। सर्वे के बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई द्वारा नियुक्त सीएएलए अधिकारी सर्वे के परिणामों के आधार पर आरआरसी (भूमि मुआवजा अधिसूचना) जारी करेंगे। वहीं किसानों को उनके खाते में मुआवजा राशि जारी की जाएगी।

### तीनों तहसील के 26 गांवों से गुजर रही है सड़क

इंदौर जिले की तीनों तहसीलों के 998 किसानों की 472.0699 हेक्टेयर जमीन पश्चिमी रिंग रोड में आ रही है। इसमें सबसे अधिक 512 किसान सांवेर, 333 हातोद और 153 देपालपुर तहसील के हैं। यह सड़क तीनों तहसील के 26 गांवों से गुजर रही है और इसमें 864 किसानों की जमीन मुख्य सड़क और 134 किसानों की जमीन अतिरिक्त सड़क के लिए अधिग्रहित होगी।

# डीई और एसई भी करेंगे मेंटेनेंस संबंधी जांच

गुड इवनिंग, इंदौर



**बिजली कंपनी के एमडी ने ली 80 अधिकारियों की बैठक**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक ने बुधवार को कंपनी क्षेत्र के 80 अधिकारियों की बैठक ली। करीब छह घंटे चली बैठक में उन्होंने विद्युत सुरक्षा मापदंडों के पालन और गुणवत्ता से मैंटेनेंस पर जोर दिया।

एमडी अनूप कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि मैंटेनेंस की गतिविधियों की डीई, एसई भी नियमित रूप से चेकिंग करेंगे, ताकि गुणवत्ता की पुष्टि हो, आपूर्ति में गुणात्मक सुधार नजर आए। इससे लॉस घटेगा, उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी नजर आएगी। श्री सिंह ने विद्युत सुरक्षा मापदंडों के सभी बिंदुओं के पालन करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि हादसों में कमी आए। उन्होंने झाबुआ, धार, आगर, शाजापुर के कार्यों पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए, साथ ही इन चारों जिलों की पृथक से बैठक करने के लिए भी निर्देशित किया। प्रबंध निदेशक ने ग्रामीण क्षेत्र के वितरण ट्रांसफार्मरों के फेल रेट घटान के लिए पूरजोर प्रयास करने, रूफ टॉप सोलर नेट मीटर, धरती आबा योजना के तहत होने वाले कनेक्शनों की नाम समेत सूची चार दिन में तैयार करने, बिलिंग, रीडिंग, मीटरीकरण आदि कार्यों पर फोकस रखने को कहा। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले इंजीनियरों ने सुधार नहीं किया तो कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता आदि ने भी विचार रखे।

# निगम बनाएगा ग्रीन फ्यूल



गुड इवनिंग, इंदौर

**पर्यावरण के क्षेत्र में अनूठी पहल, आयुक्त ने किया सिटी फॉरेस्ट में प्लांट का निरीक्षण**

नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल की है। शहर से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट (जैविक अपशिष्ट) को पाउडर फॉर्म में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे वुडन पैलेट बनाए जाएंगे। यह वुडन पैलेट कोयले के वैकल्पिक ईंधन के रूप में कार्य करेंगे, जिससे ना केवल पर्यावरण की सुरक्षा होगी, बलकि अपशिष्ट प्रबंधन भी बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सिटी फॉरेस्ट परिसर में ग्रीन फ्यूल स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की संभावनाओं, संरचना, संसाधन उपलब्धता और परियोजना के प्रभाव पर अधिकारियों से चर्चा की। यह प्लांट सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। नगर निगम को इस योजना से 3 रुपए प्रति किलो की दर से रॉयल्टी प्राप्त होगी, जो राजस्व सृजन की दिशा में एक अच्छा प्रयास है। आयुक्त श्री वर्मा ने बताया कि ग्रीन वेस्ट से तैयार किए गए ये वुडन पैलेट कोयले का बेहतर विकल्प साबित होंगे और औद्योगिक इकाइयों में ईंधन के रूप में इनका उपयोग किया जा सकेगा। इससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी और कोयले पर निर्भरता भी घटेगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अश्विन जनवदे, सौरभ महेश्वरी सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 27 को

## जीआईएस 2025 के इरादों को निवेश में बदलने की पहल

गुड इवनिंग, इंदौर

मध्य प्रदेश सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 27 अप्रैल को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 की मेजबानी करने जा रहा है।

यह आयोजन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के दौरान की गई महत्वपूर्ण निवेश घोषणाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए किया गया है। जीआईएस 2025 के इरादों को निवेश में बदलना थीम के तहत, यह कॉन्क्लेव मध्य प्रदेश के निष्पादन को तेज करने, नीति कार्यान्वयन को गहरा करने और तकनीकी विकास के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। जो डिजिटल परिवर्तन और नवाचार आधारित आर्थिक विकास के लिए राज्य के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने इस बात पर जोर दिया कि यह सम्मेलन केवल दृष्टिकोण के बारे में नहीं है, बलकि यह कार्रवाई के बारे में है। जीआईएस 2025 के बाद से केवल दो महीनों में जमीनी स्तर पर परिणाम दिखा रहे हैं। प्रमुख परियोजनाओं के भूमि पूजन से लेकर नई आईटी इकाइयों के लिए आवंटन पत्र जारी करने तक का कार्य होगा। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश कितनी तेजी से एमओयू से मील के पत्थर तक पहुंचता है। एमपीएसईडीसी इंदौर के महाप्रबंधक एवं नोडल अधिकारी द्वारकेश कुमार सराफ ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों और उद्योग संघों की भागीदारी होगी। इनमें से कुछ प्रमुख नाम हैं गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, सीमेंस ईडीए, एएनएसआर आदि।

# ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के अनुरूप होंगे मुख्य मार्गों, चौराहों, उद्यानों के नाम

गुड इवनिंग, इंदौर



प्रभारी महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा गठित नामकरण एवं प्रतिमा स्थापना समिति की बैठक बुधवार को नगर निगम कार्यालय में हुई। बैठक का उद्देश्य शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग, चौराहों, उद्यानों के नामकरण तथा इन स्थलों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श करना था। बैठक में समिति के सदस्य एवं महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत, राकेश जैन, प्रभारी अधिकारी वैभव देवलासे सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण नामकरण प्रस्तावों पर गंभीरतापूर्वक से चर्चा की गई। साथ ही यह तय किया गया कि चयनित नाम स्थानीय जनभावनाओं एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के अनुरूप हों। समिति ने जनप्रतिनिधियों, नागरिक संगठनों तथा आम नागरिकों से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिए गए। प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि नगर की पहचान उसके मार्गों, चौराहों एवं स्थलों से जुड़ी होती है। निगम का प्रयास है कि इन स्थलों को ऐसे नाम दिए जाएं जो हमारी सांस्कृतिक विरासत, महान विभूतियों और स्थानीय जनमानस की भावना का प्रतिनिधित्व करें।

### पहले किया था अपमान, अब हुआ सम्मान...

# दलित दूल्हा-दुल्हन को कराया मंदिर में प्रवेश

गुड इवनिंग, इंदौर

*जिले के राजेंद्र नगर थाना अंतर्गत ग्राम निहालपुर मुंडी में दलित दूल्हे के अपमान के बाद अगले दिन उसका मंदिर में प्रवेश कराया गया। इससे पहले कुछ लोगों ने मंदिर में प्रवेश से रोक दिया था।*



**भावुक हुआ दलित दूल्हे का परिवार, पहली बार किए भगवान के दर्शन**

विशाल पिता विजय चौहान की बनौली निकलना थी, बारात निकलते वक्त उसने भगवान श्री राम के दर्शन करने का प्रयास किया परंतु गांव के तथाकथित कुछ दबंग लोगों ने उन्हें अपमानित कर कर मंदिर से भगा दिया । इस घटना से समस्त दलित समाज आक्रोशित हो गया था परंतु बीच में संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की समझाइश और समन्वय से दूल्हा अपनी दुल्हन व अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदारों के साथ निहालपुर मुंडी गांव में स्थित भगवान श्री राम के मंदिर में प्रवेश कर भगवान श्री राम के दर्शन कर पाया।

स्थानीय दलित समाज के लोगों ने कहा कि हम सब दलित समाज के लोग भगवान को दूर से प्रणाम करके निकल जाते थे क्योंकि हम सबको मन्दिर प्रवेश की अनुमति नहीं थी। आज आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ताओं एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से हम सभी ने परिवार और रिश्तेदारों के साथ भगवान श्री राम के दर्शन किए। इस दौरान कपिल चौधरी, संदीप चौधरी, रोहित पटेल, अर्जुन सैंडो, महेश पटेल, प्रशांत चौहान, ऋषित मालवीय,दिनेश जी हिरवे,संतोष जी अलोने,गणेश राव मराठा लक्ष्मण खेड़े, सोनू चौहान, सोम बहादुर सोनी संदीप रैकवार, गौरव वानखेडे, विमला भंडारी, नर्मदा गुर्जर, मुकेश प्यासे, रणजीत सिंह राणा, गोलू चौधरी, रितेश राणा, सचिन कोचले, रोहित आंजना विशाल सारवान रितेश परमार, गोलू राठौर, लखन देपाले, रेखा वर्मा, खुशबू श्री वास्तव, उदय सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## Saort News

### ईडी कोर्ट में सौरभ शर्मा की जमानत पर सुनवाई पूरी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोर्ट में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की ओर से एडवोकेट दीपेश जोशी और सौरभ के सहयोगी शरद जायसवाल की ओर से अधिवक्ता रजनीश बरैया ने जो जमानत याचिका दायर की थी, उस पर विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सौरभ शर्मा की मां और ईडी की टीम अदालत में मौजूद रहीं। ईडी के वकील विक्रम सिंह ने सौरभ और शरद के कृत्य को गंभीर बताते हुए उनकी जमानत का विरोध किया। वहीं, सौरभ के वकील दीपेश जोशी ने ईडी की कार्रवाई को काल्पनिक बताते हुए सभी आरोपों को गलत बताया और जमानत दिए जाने की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला गुरुवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने आरटीओ के करोड़पति पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा उसके सहयोगियों शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर के खिलाफ 8 अप्रैल मंगलवार को कोर्ट में चालान पेश किया था। इसमें इनोवा कार में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश सौरभ का ही बताया गया है।

### दोस्त की मौत की खबर सुनकर रियल स्टेट कारोबारी ने लगा ली फांसी

**भोपाल।** शहर के कटारा हिल्स थाना इलाके में रहने वाले एक रियल स्टेट कारोबारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया है की आत्महत्या से पहले उसे फोन पर किसी करीबी दोस्त की मौत हो जाने की खबर मिली मिली थी, जिसके बाद वह रोने लगा और फिर दूसरे कमरे में जाकर फंदे पर झूल गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में रहने वाला संजय प्रजापति (29) रियल स्टेट का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी सीमा के अलावा एक छोटा बेटा है। सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे संजय टीवी पर मैच देख रहा था,उसका बेटा पास में ही मौजूद था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया, जिसके बाद वह रोने लगा। पत्नी ने रोने का कारण पूछा तब उसने बताया कि उसके करीबी दोस्त की मौत हो गई है। पत्नी सीमा ने उसे समझाइश देते हुए कहा की बेटे के सामने रोना ठीक नहीं लगता है। इसके बाद संजय उठकर दूसरे कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद जब पत्नि उस कमरे में पहुंची तो उसे पति संजय का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। पड़ोसियो की मदद से पत्नि उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने शुरूआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है की मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर उसे आखरी बार कॉल करने वाले से पूछताछ की जायेगी, साथ ही उसके किस दोस्त की मौत हुई थी, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### कोलार तहसील में नरवाई जलाने पर 14 व्यक्तियों पर 52 हजार से अधिक का जुमार्ना अधिरोपित

**भोपाल।** फसल कटाई के उपरांत खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाते हुए भोपाल जिला प्रशासन ने संबंधित किसानों पर जुमार्ना अधिरोपित किया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार कोलार तहसील के अंतर्गत नरवाई जलाने की घटनाओं की जांच कराई गई, जिसके आधार पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के कृषकों पर आर्थिक दंड लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत हल्का पटवारियों से घटना स्थल का निरीक्षण कर जाँच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत देहरीकलां भूमि स्वामी मो0 शाहिद 7500 रुपये, मो0 राशिद, 5000 रुपए, मनोहर 5000 रूपए , प्रदीप कुमार खूबचंदानी 2500 रूपए, नसीम अख्तर 5000 रूपए, ग्राम पंचायत सेमरीकलां मनोज प्रजापति 2500 रूपए, कृपाल सिंह 5000 रूपए, मखमल सिंह 5000 रूपए, ग्राम पंचायत पिपलिया केशो के भूमि स्वामी सरदार हरपाल सिंह 5000 रुपए, सोहन सिंह, अनंत सिंह 2500 रुपए, ग्राम पंचायत हिनोतिया आलम के नवोदय हरवंस, सतेंद्र शुक्ला 2500 रुपए, ग्राम पंचायत हिनोतिया के रूपकुमार 2500 रुपए एवं शीतल दुबे 2500 रुपए भूमि स्वामी का जुमार्ना अधिरोपित किया गया है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में नरवाई न जलाएं।

क्षेत्रीय उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

# कुटीर और ग्रामोद्योग उत्पाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हों: सीएम यादव

## महेश्वर किले में उकेरे डिजाइन और पैटर्न पर केंद्रित साड़ियों का नया कलेक्शन माँ अहिल्या देवी के नाम से जारी किया जाएगा

गुड इवनिंग, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिकरण की सबसे छोटी इकाई हैं। इसमें ग्राम स्तर तक लोगों को उद्यमिता और उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। क्षेत्रवार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उज्जैन, महेश्वर, चंदेरी, भोपाल, ग्वालियर आदि की हस्तशिल्प कला और हथकरघा से निर्मित सामग्री की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। कुटीर और ग्राम स्तर पर गतिविधियों का विस्तार करते हुए उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए ग्राम और परिवार स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज और बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। विभाग, स्वयं सामग्री का उत्पादन करने के स्थान पर निजी स्तर पर संचालित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की नीति अपनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत खाद्य सामग्री से संबंधित उत्पादों को भी जोड़ना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन और शहद उत्पदन को सहायक गतिविधि के रूप में लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश में विद्यमान धार्मिक स्थलों के आसपास भगवान के वस्त्र निर्माण, धातु- लकड़ी- मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण और अन्य पूजा सामग्री बनाने से स्थानीय युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हुई प्रगति की सराहना की।

बैठक में जानकारी दी गई कि माँ अहिल्या देवी की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर किले में उकेरे डिजाइनों और पैटर्नों को साड़ियों पर उकेर कर माँ अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन जारी किया जाएगा। प्रदेश में रेशम केंद्रों को सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित करना भी प्रस्तावित है। बुरहानपुर में परम्परागत रूप से चली आ रही रेशम और खादी की गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए 10 लूम और 50 चरखों की व्यवस्था की जा रही है। शीघ्र ही वहां खादी उत्पादन केंद्र आरंभ किया जाएगा, जिससे लगभग 100 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पचमढ़ी में सिल्क टेक पार्क का उद्घाटन किया गया है, जहां मलबरी, टसर, एरी और मुंगा चारों प्रकार के रेशम उगाए जा रहे हैं। रेशम उत्पादों को आधुनिक फैशन के साथ जोड़ने के उद्देश्य से इंदौर और मुम्बई में फैशन तकनीकी छात्रों और शासकीय संस्थाओं की मदद से फैशन शो आयोजित किए गए। इन नवाचारों से प्रदेश के कारीगरों का आर्थिक सशक्तिकरण होने के साथ-साथ प्रदेश के रेशम उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिल रही है।

## ग्रेटर ग्वालियर का शपथग्रहण एवं फन इंटरटेनमेंट आयोजित



गुड इवनिंग, ग्वालियर

युवा जैन मिलन नेमिनाथ शाखा ग्रेटर ग्वालियर का आज शपथग्रहण समारोह एवं फन इंटरटेनमेंट कार्यकम नौगजा रोड स्थित होटल द शाह इंपीरियल में आयोजित किया गया। जिसमे नई टीम के अध्यक्ष रिषभ जैन, सचिव कुणाल जैन ओर कोषाध्यक्ष चिराग जैन ने अपनी टीम के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करने की विधि पूर्वक शपथ ली।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शपथ सामरोह के गौरव अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन महेन्द्र टोंग्या थे। वही मुख्य अतिथि के रूप में सीएसपी रोबिन जैन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शपथ अधिकारी महेन्द्र जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व शाखा संस्थापक रवि जैन, उपमंत्री मुकेश जैन एवं संयोजक पारस जैन मंचन पर विशेष रूप से मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों में भगवान महावीर के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित कर किया। वही सुरभि जैन में मंगल चारण नृत्य की प्रस्तुति दी। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष ऋषभ जैन ने दिया। वही अतिथियों का स्वागत तिलक ओर अंगवस्त्र पहनकर किया। संचालन दिशांत जैन ओर आभार सचिव कुणाल जैन ने माना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएसपी रोबिन जैन ने कहा कि युवा शक्ति ही समाज के कार्यों की रीढ़ की हड्डी होती है। युवा संगठन ही एकता का संदेश के साथ समाज के हर कार्यों को लगन और मेहनत के साथ कार्य करते हैं। समाज में समर्पण और विश्वास की भूमिका युवा शक्ति होती है।

### शराब पीकर घर आया सुबह फांसी पर लटका मिला

**ग्वालियर।** जनकगंज थाना क्षेत्र के नवगृह कॉलोनी सेक्टर एक में शराब पीकर घर लौटा युवक सुबह फांसी पर लटका मिला` घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र के नवगृह कॉलोनी निवासी मनोज धाकड़ पुत्र बिरीजी लाल धाकड़ मुलतः श्योपुर के रहने वाले हैं। मनोज की दुकान है और यह शराब पीने का आदी है। बीती रात वह शराब पीकर घर पर पहुंचा और अपने कमरे में चला गया। परिजनों ने उसे नशे में देखा और उससे खाना की पूछा तो उसने खाना खाने से इनकार कर दिया। परिजनों ने नशे में होने पर उससे ज्यादा बात नहीं की और वह अपने कमरे में चला गया। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने उसका गेट खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो रोशनदान से झांका तो अंदर मनोज फांसी के फंदे से लटका हुआ था। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए जागरूक



गुड इवनिंग, ग्वालियर

स्वच्छ व स्वस्थ्य ग्वालियर के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

आइईसी के नोडल अधिकारी मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निदेर्शानुसार शहर में स्वच्छ ग्वालियर अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था डिवाईन द्वारा इन्दरगंज स्थित प्रतीक मोबाइल के कार्यालय में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के बार में समझाइस दी गई, इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे समझाया गया, कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने के बारे मे बताया गया। साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली- मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों में सफाई रखने के लिए आग्रह किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही म्यूज संस्था द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर नगर के विभिन्न वार्डों में निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर में चार डस्टबिनों की व्यवस्था करने तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया।

## बीयू से मास्टर डिग्री कर रही युवती की संदिग्ध हालत में मौत

गुड इवनिंग, भोपाल

मिसरोद थाना इलाके में एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंशा बारंगे उर्फ मोहिनी (23) पिता प्रकाश नारायण बारंगे इंडस टाउन मिसरोद में अकेले रहते हुए बीयू से टीचर्स की मास्टर डिग्री कर रही थी। उसके पिता प्रकाश नारायण बारंगे सारणी पावर हाउस में नौकरी करते थे, जो रिटायर होने के बाद बैतूल स्थित अपने पैतृक गांव में शिफ्ट हो चुके हैं। भोपाल स्थित मकान पर मंशा के अलावा पढ़ाई करने वाली कुछ लड़कियां भी किराए से रहती हैं। सोमवार रात करीब 11 बजे तक मंशा की अपने परिजनों से बात हुई थी। अगली सुबह उसे बैतूल जाना था, लेकिन सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आई। पास में रहने वाली युवती उसे देखने पहुंची खिड़की से अंदर झांककर देखने पर मंशा पलंग पर औंधे मुंह पड़ी नजर आई। इसकी जानकारी सहेली ने परिजनों को दी।

## मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना की आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन

गुड इवनिंग, भोपाल

मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के तहत अब हितग्राहियों को आवेदन करने के लिए कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने योजना की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाते हुए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा शुरू कर दी है। संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भोपाल संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि अब पब्लिक डोमेन से सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना के तहत पात्र कल्याणी बहनों को विवाह के उपरांत दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सभी कलेक्टरों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण 30 दिवस की समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदन के लिए हितग्राही की जानकारी समग्र पोर्टल पर अपडेटेड होना आवश्यक है।

## जीटी एक्सप्रेस में जहरखुरानी, वृद्धा को नशीला पदार्थ पिलाकर उड़ा दिए लाखों के जेवरात

गुड इवनिंग, भोपाल

जीटी एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही एक वृद्ध महिला को अज्ञात बदमाश ने पानी में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। थोड़ी देर बाद ही महिला को गहरी नींद आ गई, मौका पाकर बदमाश करीब 7 लाख से अधिक के सोने के जेवरात चोरी कर चंपत हो गया। घटना करीब चार महीने पहले की बताई गई है। केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने असल कायमी करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंद्रपुर की रहने वाली मिना वशिंगट (73) करीब चार महीने पहले दिसंबर 2024 में जीटी एक्सप्रेस के एसी कोच ए-2 में नई दिल्ली से चंद्रपुर का सफर करने के लिये सवार हुई थी। ट्रेन करीब चार बजे नई दिल्ली से रवाना हुई, शाम करीब सात बजे एक अज्ञात युवक कोच में आकर उनकी सीट के पास बैठ गया। आरोपी ने उनसे मेलजोल बढाया और महिला को पीने के लिये पानी दिया। पानी पीने के बाद महिला वॉशरूम के लिए चली गई। वापस आते ही सीट पर बैठने के बाद उन्हें नींद आने लगी। इसके बाद वह गहरी नींद में सो गई और उन्हें कुछ भी याद नहीं रहा। अगले दिन तड़के करीब चार बजे नींद खुली तो भोपाल स्टेशन आने वाला था। जब उन्होंने अपने शरीर पर पहले जेवरात चैक किये तो पता चला की गले में पहनी 5 तोला वजनी सोने की पैंडल वाली चैन, हाथ में पहले सोने के तीन तोला वजनी कंगन, चार तोला वजनी सोने की अंगूठियो सहित बैग में रखी हजारो की नकदी गायब है। चोरी गये माल की कीमत सात लाख से अधिक बताई गई है। महिला ने इसकी जानकारी किसी तरह अपने परिवार वालो को दी, जिसके बाद नागपुर स्टेशन पर रेलवे के डॉक्टर ने महिला का चेकअप किया।

नरवाई जलाने में मप्र पूरे देश में टॉप पर

# विदिशा नंबर वन, उज्जैन तीसरे तो इंदौर 5वें नंबर पर

गुड इवनिंग, भोपाल



देश में नरवाई जलाने के मामले में मप्र नंबर एक पर है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के कन्सोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रो-ईकोसिस्टम मानीटरिंग एंड माडलिंग फ्रॉम स्पेस (सीआरईएएमएस) के बुलेटिन से यह खुलासा हुआ है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सीआरईएएमएस बुलेटिन के अनुसार मध्य प्रदेश में अभी तक गेहूं की पराली यानि नरवाई जलाने की 20422 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं।

वहीं मप्र में नरवाई जलाने के मामले में विदिशा नंबर-1 पर है। उज्जैन तीसरे और सफाई में नंबर-1 इंदौर नरवई जलाने के मामले में 5वें नंबर पर है। नरवई जलाने को लेकर यह चौंकाने वाली रिपोर्ट 21 अप्रैल को सामने आई है। बता दें कि सीआरईएएमएस गेहूं के अवशेष जलाने के कारण होने वाली सक्रिय आग की घटनाओं की सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग से निगरानी करता है। इन घटनाओं का आकलन मानक प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया जाता है। सीआरईएएमएस रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में नरवाई जलाने में सबसे आगे विदिशा में 1 से 21 अप्रैल तक 3181 घटनाएं हो चुकी हैं। इंदौर में 1 से 21 अप्रैल तक 1281 घटनाएं हो चुकी हैं। यह पिछले साल के मुकाबले लगभग 4 गुना ज्यादा हैं। 2024 में इंदौर में नरवई जलाने की मात्र 387 घटनाएं दर्ज की गई थी।

**विदिशा में सबसे ज्यादा नरवई जलाने के मामले**- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र विदिशा इस साल नरवई जलाने में सबसे आगे है। हालांकि 2022 से 2025 तक पिछले तीन साल में यह पहली बार है, जब नरवई जलाने के मामले में विदिशा पहले नंबर पर आया है। 2022 में विदिशा दूसरे नंबर पर था। तब विदिशा में नरवई जलाने की 2481 घटनाएं दर्ज हुई थी। वहीं 2023 में 941 और 2024 में 601 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। 2025 में 1 से 21 अप्रैल तक नरवई जलाने की 3181 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं।

### लिस्ट में उज्जैन तीसरे नंबर पर

मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव का गृह जिला उज्जैन इस साल नरवई जलाने के मामले में तीसरे नंबर पर है। उज्जैन में नरवई जलाने के मामले रोजाना बढ़ रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 19 अप्रैल के बुलेटिन के अनुसार उज्जैन नरवई जलाने में चौथे नंबर पर था। वहीं 21 अप्रैल के बुलेटिन में उज्जैन तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2023 में नरवई जलाने के मामले में उज्जैन दूसरे नंबर पर था। 2023 में उज्जैन में नरवई जलाने की 1349 घटनाएं दर्ज की गई थी। वहीं इस साल 1 से 21 अप्रैल तक 1606 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। उज्जैन में 2024 में नरवई जलाने की 432 घटनाएं दर्ज की गई थी।

**कलेक्टर की सख्ती के बाद भी कमी नहीं**- इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह ने नरवई जलाने वाले किसानों पर सख्ती बरतने के लिए कहा है। लगातार जिला प्रशासन की टीम नरवई जलाने वाले किसानों को चिह्नित कर जुमार्ना लगा रही है। लेकिन इसके बाद भी कलेक्टर की सख्ती का असर इंदौर के आसपास के क्षेत्रों के किसान पर नजर नहीं आ रहा है। सीआरईएएमएस की रिपोर्ट के अनुसार इंदौर में सबसे ज्यादा नरवई जलाने के मामले देपालपुर और महू क्षेत्र में सामने आए हैं। देपालपुर में रात और महू में नरवई जलाने की घटनाएं सामने आई हैं।

**किसान बोले: लागत भी नहीं निकल रही, छोटे किसानों के पास भंडारण की व्यवस्था नहीं होने से खराब होने का डर**

# मंडी में उच्चतम 8 रुपए किलो बिक रहा प्याज

गुड इवनिंग, सारंगपुर

मंडी में प्याज व लहसुन लेकर आ रहे किसानों को फिलहाल निराश व हताश होना पड रहा है। इसके पीछे कारण है अपनी उपज की लागत भी नहीं मिल पाना। किसानों ने अपनी निराशा जाहिर करते हुए बताया कि इस बार बडी उम्मीद से बुआई की थी लेकिन लगता है कि इस बार ये प्याज रुलाएंगे। बता दें कि वर्तमान में किसानों ने प्याज का भंडारण कर रखा है लेकिन छोटे किसानों के सामने इसे संभालना भी एक चुनौती है।



किसान शंकर सिंह ने बताया कि प्याज के दामों को लेकर जो उम्मीद थी, उसके अनुरूप दाम नहीं मिल पा रहे हैं। भाव बहुत कम हैं। इतने कम की लागत भी नहीं मिल रही। जब हमारे पास से प्याज खत्म हो जाएंगे या हम सस्ते दामों में बेच देंगे तब जाकर भाव बढेंगे जिनका कोई मतलब नहीं रहेगा। किसान राजेश सिंह ने बताया कि इन प्याज का दाम कम से कम 2 हजार तो होना ही चाहिए। हमारे पास रखा रहेगा तो थोडे ही दिनों में खराब हो जाएगा। बडे किसानों के पास तो भंडारण के लिए हवादार व ठंडे स्थान होते हैं लेकिन हमारे यहां रखा रहा तो सारा प्याज सड जाएगा। मंडी में प्याज 2 रुपए से लेकर 8 रुपए किलो तक बिका।

**अच्छे भाव की उम्मीद में लहसुन का भी स्टॉक कर रखा-** किसान नेता चंदर सिंह परमार ने सरकार से मांग की कि चीन से आने वाले लहसुन पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए। ऐसी नीति बने जिससे किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। कई किसानों और व्यापारियों ने अच्छे भाव की उम्मीद में लहसुन स्टॉक कर रखा था। अब उन्हें भी निराशा ही हाथ लगी है। व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल अच्छे भाव मिलने की उम्मीद कम है।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने की किसानों से चर्चा

सारंगपुर के प्याज और लहसुन के दाम गिरने से किसान और व्यापारी दोनों परेशान हैं। युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष लखन धनगर ने किसानों और व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को उपज के वाजिब दाम नहीं मिल रहे हैं। धनगर ने कहा कि जबसे चीन का लहसुन देश में आया है, कि तबसे किसानों को सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं। मोदी य सरकार चीन से लहसुन का आयात रोकने में नाकाम रही कि है। उन्होंने बताया कि लहसुन के दाम 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर अब 6 से 7 हजार रुपए रह गए हैं। जबकि किसानों ने ऊंटी लहसुन का बीज 55 से 60 हजार रुपए में खरीदा था। किसानों ने बडे रकबे में लहसुन बोई थी। मेहनत से फसल तैयार की लेकिन लागत भी नहीं निकल पा रही है।

---

**44371 उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी अभी भी बाकी**

# 30 तक ई-केवाईसी नहीं कराने वालों का रुक सकता है राशन

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**सारंगपुर विकासखंड सरकारी राशन प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने 30 अप्रैल 2025 तक सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया है, अगर ऐसा नहीं करते है तो राशन रुक भी सकता है, ऐसी चेतावनी विभाग द्वारा जारी की गई है। हालांकि अभी ऐसा कोई आदेश सरकार के द्वारा जारी नहीं किया है।**



विकासखंड में कुल 64499 परिवार है और अब तक दो लाख 39 हजार 843 लोगों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। लेकिन अभी भी 44371 लोगों की ई-केवाईसी बाकी है। सारंगपुर आपूर्ति कार्यालय के अनुसार, बाकी बचे लोगों की ई-केवाईसी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सारंगपुर ब्लॉक की 98 पंचायतों और 2 नगरीय निकायों के वार्डों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। साथ ही टीमें घर-घर जाकर भी ई-केवाईसी कर रही हैं। वर्तमान में करीब 159 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो लोग 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी नहीं कराएंगे, उन्हें राशन की सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है।

**अपात्र लोगों के हटेंगे नाम-** दरअसल शासन द्वारा गरीब परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों से हर महीने मुफ्त में राशन का वितरण किया जा रहा है, जिसकी आड में कई अपात्र लोग भी लंबे समय से राशन पा रहे थे। इनमें कई मृतकों और डबल नाम जुडे हुए थे। इससे राशन की कालाबाजारी रूकेगी। साथ ही वास्तविक लोगों को उसका लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार 64499 परिवारों के लगभग 284214 सदस्यों को राशन का वितरण होता है। ये सभी परिवार अलग अलग श्रेणी में होकर मुफ्त अनाज ले रहे थे। विकासखंड में करीब 84.74 प्रतिशत परिवारों की आईडी की केवाईसी का काम पूरा हो चुका है।

**अनाज का वितरण-** जानकारी के अनुसार पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक महीने में पांच किलो अनाज का वितरण किया जा रहा है। विकासखंड में वर्तमान में 2 लाख 84 हजार 214 सदस्यों के हिसाब से वर्तमान में 6 लाख 33 हजार 64 किलो गेहूं, 9 लाख 50 हजार 546 किलो चावल, 5 हजार 348 किलो शक्कर तथा 64 हजार 290 किलो नमक का वितरण हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को वर्तमान में 2 किलो गेहूं और 3 किलो चालक के हिसाब से अनाज दिया जाता है। एसएमडब्लू सर्वे के आधार पर राशन वितरण में विसंगति और गडबडी पता चली। कई सदस्य जिनकी पूर्व में मृत्यु होने के बाद भी राशन कार्ड में नाम जुडे हुए थे, उन्हें विलोपित किया गया है।

### पर्ची से नाम हट सकता है

पिछले दिनों इसको लेकर एसडीएम रोहित बम्होरे ने बैठक में कहा था कि जिन लोगों ई-केवाईसी नहीं हो पाई है, उसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पंचायतों में कैंप लगाए जा रहे हैं और पीओएस मशीनें घर-घर भेजकर ई-केवाईसी कराई जा रही है। इसके अलावा लोग राशन विक्रेता को जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराकर पीओएस मशीन के माध्यम से अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। अगर राशन लेने वालों द्वारा अपनी ई-केवाईसी नहीं की जाती है तो भविष्य में राशन पर्ची से नाम हट सकता है। सारंगपुर कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी जितेंद्र जामरा का कहना है कि ई-केवाईसी को लेकर कैम्प लगाकर हितग्राहियों के ई केवाईसी बना रहे हैं। वहीं विकासखंड में इसका कार्य चल रहा हैं। वहीं अभी 2 लाख 39 हजार से अधिक हितग्राहियों ई केवाईसी का काम पूरा हो गया है। वहीं बचे हुए हितग्राहियों के घर घर जा कर दस्तक देकर टीम कार्य कर रही है।

### प्रदेश भर में 6.98 लाख से अधिक हुए पात्र हितग्राही परिवार

सारंगपुर खाद्य विभाग जेएसओ जितेंद्र जामरा ने बताया कि 7 जनवरी को प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2011 की आबादी के हिसाब से 75 फीसदी अर्थात 546.42 लाख पात्र परिवार की सीमा प्रदेश में तय है। वर्तमान में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक शामिल हो रहे हैं। इसी कारण प्रदेश में पात्र हितग्राहियों की संख्या अब 553.40 लाख तक पहुंच गई है। यह निर्धारित सीमा से 6.98 लाख अधिक है। जबकि जनपद सारंगपुर में पात्र 2320 नाम एनआईसी में पेंडिंग है, जिन्हें राशन का इंतजार है।

# बस और डंपर की सीधी भिड़ंत में डंपर चालक की मौत

**बिजवाड़-कांटाफोड़ मार्ग के बाधवा के पास की घटना**



गुड इवनिंग, खातेगांव

बिजवाड- कांटाफोड़ मार्ग पर बुधवार को दोपहर सुंद्रेल बधावा के बीच प्रवीण चौरसिया के खेत के पास डंपर ओर बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें बस में सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिसमें कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक ओम साईं राम बस काटाफोड से इंदौर जा रही थी ओर डंपर बिजवाड़ से बन रहे फोर लेन हेतु राखड लेने पुनासा तरफ जा रहा था। बस में सवार चार घायलों को प्रधान आरक्षक दिलीप बेडवाल ने 100 डायल से काटाफोड़ अस्पताल भर्ती किया गया है जबकि अन्य घायलों को कन्नौद अस्पताल 100 डायल के चालक देवराज परमार और एबुंलेंस ने कन्नौद अस्पताल भर्ती कराया है। परमार ने बताया कि डंपर चालक विनोद सोनी की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई बस का चालक फरार बताया जा रहा है बधावा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र जाटव, प्रवीण चोरासिया ,ओमप्रकाश पंचोली सहित बधावा एवम सुंद्रेल के नागरिकों ने घायलों की मदद कर पुलिस को तत्काल सूचना दी घटना का कारण शॉर्ट सर्किट होने के कारण खेत मे आग लग गई आग के धुवे के कारण भिडंत होना कारण होना बताया जा रहा है ज्ञात रहे इन दिनों डम्पर चालक बहुत तेज गति से वाहन दौड़ रहे है ओवर लोड डंपरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन इनके खिलाफ कोई बड़ी चालानी कार्यवाही नहीं की जाती है।

---

# समर कैंप में खिलाड़ी सीख रहे खेलों की बारीकियां

गुड इवनिंग, सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं स्कुल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर के खेल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे बुधवार को संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर समर कैंप कि जानकारी ली। वही खिलाडीयों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया कि 21 अप्रेल से 31 मई 2025 तक चलेगा। जिसमे सारंगपुर ब्लाक मे 150 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले सकते है। जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार ने बताया कि खिलाड़ियों मे समर कैंप मे अच्छा खासा जोश दिख रहा है। पुरे जिले मे खिलाडी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है, जिससे हमारे जिले मे खेलो का स्तर भी बढ़ेगा। सारंगपुर सहा संयोजक व सचिव खो खो संघ राजगढ़ भारत भेरवे ने बताया कि खिलाडी खो खो व कबड्डी जुडो की बारीकिया सिख रहे है। वही इस मैदान पर बरसो से चले आ रहे खेल खो खो मे कई खिलाडी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया जैसी कई प्रतियोगिता मे भाग ले चुके है। जिला राजगढ़ के छोटे शहर जहां खिलाड़ियों के लिए कोई मैदान और खो खो मेट ना होने के बाद भी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत के दम पर कई मुकाम हासिल किये है। हर वर्ष नगर के खिलाडी अपनी मेहनत के दम पर बिना किसी सुविधा के खो खो मे अपना जज्बा कायम रख रहे है खिलाडी को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल का हर समय खिलाड़ियों को सहयोग मिलता रहता है। समर कैंप मे भारत भेरवे, ग्रामीण ब्लाक समन्वयक लाल सिंह लोधा, आरती सोनी, राहुल गोड़, महिमा पाटीदार, नमन गुप्ता, प्रियांशु भेरवे, अंजलि गोस्वामी, निखिल भेरवे आदि प्रशिक्षण दे रहे है।



## आरा मशीन संचालक काट रहे पेड़, धड़ल्ले से कर रहे परिवहन

सारंगपुर। शासन-प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे बांटने व लगाने का काम कर रहा हैं। ताकि प्रकृति का विदोहन होने से बचा जाए व गिरते जलस्तर पर रोक लग सके। उदनखेड़ी में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही हैं। आरा मशीन संचालक उपयोग में ले रहे हैं, जो कि नियम विरुद्ध है। कटाई के बाद लकडी का खुलेआम परिवहन प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा हैं। उदनखेड़ी पेड़ों की कटाई से पर्यावरण की क्षति हो रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल जलस्तर नीचे गिर रहा हैं। हालात यह हो गए कि लोग पानी को तरसने लगे हैं। इधर, आरा मशीन संचालक गांव में पहले रैकी करते हैं। इसके बाद पेड़ों की खरीददारी कर दोपहर के समय कटवाकर शाम को कच्चे रास्तों से मशीन तक ले जाते हैं। नियमों के मुताबिक आरा मशीन पर हरी लकड़ी नही काट सकते हैं। हर दिन हजारों क्विंटल लकड़ी खुलेआम परिवहन किया जा रहा है।

# जल ही जीवन है, इसका संरक्षण करें : बघेल

**सीएम राइज विद्यालय बाग में समर कैंप का आयोजन**

गुड इवनिंग, बाग

सीएम राइज विद्यालय बाग में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में विद्यार्थियों को प्रथम दिवस 22 अप्रैल को जल गंगा संरक्षण एवं संरक्षण पर शपथ दिलवाई गई।

समर कैंप में विद्यार्थियों मस्ती की पाठशाला में आनंद ले रहे हैं जिसमें चित्रकला , ध्यान, खेलकूद गतिविधियां, योगाभ्यास कर उन्हें नैतिक कहानियां सुनाई जा रही है। साथ ही जल संरक्षण एवं विश्व पृथ्वी दिवस पर ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त उपस्थित बच्चों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रांगोली प्रतियोगिता,भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन में बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया साथ ही खेलकूद गतिविधियां भी प्रतिदिन प्रातः आयोजित हो रही है। संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए समर केंप का आयोजन किया जा रहा है। केंप के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक वितरण किया जाएगा। ग्रीष्म कालीन शिविर (समर कैंप) आयोजन 22 अप्रेल से 30 अप्रेल तक रहेगा। कैंप की गतिविधियों को संपन्न करने में नोडल अधिकारी लक्ष्मीनारायण पंवार, प्रतिभा उपाध्याय,केंप संचालन राजेन्द्र सिंह झाला,राधा शर्मा, नीतू यादव, प्रताप सिंह सोलंकी के साथ ही ममता बघेल, रीनू रावत, मीना मुजाल्दा, विद्या पंवार,आरती राठौड़,सरम सिंह चौहान, दिनेश अजनारे , भाव सिंह मुजाल्दा, सुमित्रा सोलंकी आदि का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।



---

## प. बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार एवं पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में दिया ज्ञापन



गुड इवनिंग, धार

नरेंद्र मोदी विचार मंच जिला धार द्वारा बुधवार को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम रोशनी पाटीदार को दिया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी महाकौशल प्रांत सह प्रभारी राजा भाऊ भदाने जिला अध्यक्ष मुकेश निगम जिला महामंत्री प्रवीण टांक जिला उपाध्यक्ष नमन रावल नगर अध्यक्ष शैलेश बिजवा धार विधानसभा अध्यक्ष ताजूठेकेदार भगवानदास मालवीय कमल हरोड़ मुकेश सिसोदिया नारायण जोशी रुपेश बड़जाताया अशोक मुनिया राम बुंदेला अजय मौर्या अनुराग वोडाने सुनील कश्यप यशपाल नागर शैलेंद्र तिवारी गणेश राठौड़ मनीष दीपक वसुनिया तिलोक चौहान अंकित चौहान कालू शेखर चौहान विनय प्रजापत आदि उपस्थित है जानकारी जिला मीडिया प्रभारी हरीश आर्य व पारस जैन गंगवाल ने दी।

**12 जून को आषाढ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को गुरु तारा होगा अस्त**

# मई में सबसे ज्यादा विवाह, जून में सबसे कम

गुड इवनिंग, सारंगपुर

खरमास खत्म होते ही सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। अप्रैल से जून तक विवाह के 31 शुभ मुहूर्त हैं। पंचांग भेद के कारण कुछ और तिथियों में भी विवाह होंगे। सबसे ज्यादा शादियां मई में होंगी। मैरिज गार्डन, घोडी, बैंड-बाजा, खाना आदि की बुकिंग एक माह पहले से हो चुकी है।



मैरिज गार्डन संचालक निलेश वर्मा ने बताया कि मई में सभी गार्डन फुल हो चुके हैं। पंडित पवन पारीक ने बताया कि 12 जून को आषाढ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा गुरुवार को गुरु तारा अस्त होगा। 5 जुलाई को गुरु तारा उदित होगा। इस कारण आषाढ में विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं हैं। हर साल भडली नवमी पर अंतिम शुभ मुहूर्त होता था, जो इस बार नहीं रहेगा। फिर भी लौकिक परंपरा अनुसार भडली नवमी पर विवाह होंगे। भडली नवमी और अक्षय तृतीया ऐसे मुहूर्त माने जाते हैं, जिनमें बिना मुहूर्त देखे भी शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

### ग्रह-नक्षत्र और सितारों की स्थिति देखकर ही तय होते हैं मुहूर्त

पंडित पवन पारीक ने बताया कि विवाह जैसे मांगलिक कार्यो के लिए शुक्र और गुरु का उदय होना जरूरी होता है। ग्रह-नक्षत्र और सितारों की स्थिति देखकर ही मुहूर्त तय किए जाते हैं। लडके के विवाह के लिए चौथा, आठवां और बारहवां सूर्य शुभ नहीं माना जाता। अगर शुक्र और गुरु दोनों अस्त हों तो विवाह के लिए मुहूर्त नहीं निकलता।

**इन तारीखों में हैं मुहूर्त-** अप्रैल में 25, 29 और 30 तारीख को विवाह के शुभमुहूर्त हैं। मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28 और 29 तारीख को विवाह होंगे। जून में 1, 2, 4, 5, 7, 8 और 10 तारीख को को शुभ शुभ मुहूर्त मुहूर्त हैं। 10 जून को इस सीजन का अंतिम शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद देवउठनी एकादशी से फिर से विवाह शुरू होंगे।

ट्रैवल एजेंट्स से कैंसिल करवाईं ट्रिप की बुकिंग्स

# टूरिस्ट बोले- कश्मीर की वादियों में खौफ की हवा

एजेंसी

**जम्मू। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाए जाने के बाद गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घूमने की योजना बना रहे सैकड़ों परिवारों ने अपने ट्रिप कैंसिल कर दिए हैं। अब लोग अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। टूरिस्ट बोले- सारी बुकिंग कर ली थी, अब डर लगने लगा है।**



भोपाल की रहने वाली नताशा ने बताया, उनका पूरा परिवार कश्मीर जाने की तैयारी में था। पहलगाम में आतंकी हमले की खबर आने के बाद उन्होंने तुरंत ट्रिप रद्द करने का फैसला कर लिया। हरजीत सिंह और उनका परिवार भी गर्मियों में कश्मीर जाने को लेकर उत्साहित था। उनके बेटे और बेटी ने कॉलेज की छुट्टियों के दौरान घूमने का प्लान बनाया था, लेकिन अब उन्होंने इसे 2-3 साल तक टालने का निर्णय लिया है। हरजीत ने कहा पहले परिवार की सुरक्षा, फिर घूमना।

**बढ़ता टूरिज्म और फिर एक झटका-** बीते सालों में कश्मीर ने पर्यटन के क्षेत्र में शानदार ग्रोथ दर्ज की थी। गर्मियों में विशेष तौर पर पहलगाम, गुलमर्ग और श्रीनगर जैसे पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती थी। इस आतंकी हमले ने लोगों के मन में डर बैठा दिया है और पर्यटन उद्योग एक बार फिर प्रभावित होता दिख रहा है।

**पर्यटकों की प्राथमिकता अब सुरक्षा पहले-** पहलगाम हमले के बाद, सोशल मीडिया और ट्रैवल फोरम्स पर लोग अपनी यात्राएं स्थगित करने और पैसे रिफंड कराने की बात कर रहे हैं। कई ट्रैवल एजेंसियों ने भी कहा है कि बुकिंग कैंसिलेशन में तेजी आई है। पर्यटन से जुड़ी स्थानीय आजीविका भी इस घटना से प्रभावित हो सकती है।

### कमजोर सुरक्षा बनी मौत का कारण

अधिकारियों का कहना है कि आतंकियों ने योजनाबद्ध तरीके से इस क्षेत्र को इसलिए चुना क्योंकि यहां रोज बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं और सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षाकृत कमजोर होती है। यही कारण है कि यहां आतंकी आसानी से हमला कर चले गए। हमले के समय पर्यटक भोजनालयों के पास थे, कुछ खच्चर की सवारी का आनंद ले रहे थे, तो कुछ प्रकृति की गोद में पिकनिक मना रहे थे।

### कश्मीर के सबसे सुंदर स्थानों में से एक

बैसरन घाटी, पहलगाम शहर से महज 6 किलोमीटर दूर है और अपने चीड़ और देवदार के घने जंगलों, ऊंचे पहाड़ों और खुले घास के मैदानों के लिए प्रसिद्ध है। कश्मीर का सबसे शांत और सुरम्य पर्यटन स्थल माना जाता है। इसकी हरी-भरी वादियां, बर्फ से ढंकी चोटियां और शांत नदियां देश-विदेश के सैलानियों को आकर्षित करती रही हैं। यही वजह है कि यह जगह भारत और विदेश के हजारों पर्यटकों की पसंदीदा रही है। कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है।

## बारामूला में मुठभेड़, दो आतंकी मार गिराए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर उरी क्षेत्र में संयुक्त घुसपैठ विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान, आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया, लेकिन जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए दो आतंकवादी को ढेर कर दिए। मुठभेड़ स्थल से एके-47 राइफल, दो एके मैगजीन, 57 एके राउंड, दो पिस्तौल, तीन पिस्तौल मैगजीन और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है।

इससे पहले, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों के पर्यटक शामिल थे। इस



हमले के बाद, सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। बारामूला में हुई मुठभेड़ इस बात का संकेत है कि आतंकवादी सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन सुरक्षाबलों की तत्परता और साहसिक कार्रवाई से उनकी साजिशों को नाकाम किया जा रहा है।

## जुमे की नमाज में पीड़ितों के लिए दुआ मांगेंगे

### ऐलान : मुस्लिम धर्म गुरुओं ने देशभर में दिया पैगाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख इमाम उमेर अहमद इल्यासी ने बुधवार को कहा कि देश की साढ़े पांच लाख से अधिक मस्जिदों के इमाम आगामी शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए दुआ करने के साथ आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश देंगे।

उन्होंने अपने संगठन के पदाधिकारियों और कई अन्य धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद यह भी कहा कि धर्म के आधार पर निर्दोष लोगों की हत्या करना न सिर्फ इस्लाम, बल्कि पूरी इंसानियत के खिलाफ है। इल्यासी ने ह्यपीटीआई-भाषा' से कहा, पहलगाम में जो बेकसूर लोग मारे गए हैं, उनके और उनके परिवारों के लिए मस्जिदों में दुआएं मांगी जाएंगी। इस शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान इमाम अपने कुतबे (धार्मिक संबोधन) के दौरान आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश देंगे।

उन्होंने कहा, जो लोग आतंकवाद फैलाने के लिए धर्म का सहारा ले रहे हैं उनका इस्लाम से कोई वास्ता नहीं है। इस्लाम इंसानियत की बात करता है, जबकि बेकसूर लोगों की हत्या करने वाले शैतान हैं। हमने यह भी फैसला किया है कि किसी आतंकवादी के मारे जाने पर उसके जनाजे की नमाज कोई भी इमाम नहीं पढ़ाएगा। हमारी सरकार से मांग है कि मारे गए किसी आतंकवादी को हिंदुस्तान की धरती पर दफन नहीं करने दिया जाए।

हुसैनी ने कहा, जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों के समूह इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी (आईएमएसडी) ने एक बयान में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा, हम आशा करते हैं कि अपराधियों को शीघ्रता से पकड़ा जाएगा और कड़ी सजा दी जाएगी। इस संगठन ने कहा, हम सुरक्षा चूक की गहन जांच, जिम्मेदारी तय करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग भी करते हैं। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद से कश्मीर में सबसे बड़ा हमला है।

## इंस्टाग्राम पर महिला को महिला से हुआ प्यार

एजेंसी

**शिवपुरी।** प्यार कब कैसे और किस से हो जाता है यह कोई नहीं जानता। ऐसा ही एक मामला शिवपुरी में सामने आया है। जहां हरियाणा से एक महिला अपनी समलैंगिक साथी को लेने शिवपुरी पहुंची। लेकिन शिवपुरी आकर विवाद खड़ा हो गया।

जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाओं की मुलाकात करीब 4 साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी। धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। पिछले चार महीने से दोनों हरियाणा के एक आश्रम में अपने बच्चों के साथ रह रही थी। शिवपुरी की महिला को उसके परिजनों ने 15 अप्रैल को तलाक के बहाने शिवपुरी बुलाया। फिर उसे वापस जाने से रोक दिया। परिजनों ने उसके साथ मारपीट भी की। उसके बाद हरियाणा से महिला शिवपुरी पहुंची। वहां इन दोनों ने साथ मिलकर परिजन की शिकायत महिला थाने में की। मामले को लेकर हरियाणा के सिरसा खलालू के रहने वाली सिम्मी ने बताया कि वह शिवपुरी की महिला से बेहद प्यार करती है और उसके बिना नहीं रह सकती। दोनों ने अपने हाथों पर एक दूसरे का नाम भी गुदवा लिया है। सिम्मी ने बताया कि मेरी दोस्ती ज्योति से 4 साल पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी। शुरूआत में हम मैसेज पर बात करने लगे। फिर बाद में ज्योति मेरे घर भी आई। मैंने भी एक-दो बार उनके घर पर जाकर मुलाकात की, लेकिन ज्योति के परिवार को हमारा रिश्ते पसंद नहीं है।

## बिजनेस

# पुराना एसी बेचकर नया लगाया तो सरकार देगी की कई लाभ

### ऊर्जा मंत्रालय कर रहा है एक नई योजना पर काम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर आप अपना पुराना एयर कंडीशनर बेच कर नया खरीदने की योजना बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। अच्छी बात यह है कि नया एसी खरीदने के लिए सरकार आपको सहयोग करेगी। शर्त सिर्फ यह है कि आपका एसी कम से कम 8 साल पुराना होना चाहिए। ऊर्जा मंत्रालय एक नई योजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत पुराने और कम एफिशिएंसी वाले एसी को हटाकर नए 5-स्टार रेटेड एनर्जी एफिशिएंट एसी खरीदने पर उपभोक्ताओं को वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा।



### कैसे मिलेगा फायदा?

- अधिकारियों के मुताबिक, योजना को तीन तरीकों से लागू किया जा सकता है :
- पुराना एसी बेचो वाउचर लो : उपभोक्ता अपने पुराने एसी को रीसाइक्लर्स को बेचेंगे और बदले में एक सर्टिफिकेट या वाउचर मिलेगा, जिसे नया 5-स्टार एसी खरीदने पर इस्तेमाल किया जा सकेगा।
- एक्सचेंज ऑफर : कंपनियां पुराने एसी के बदले छूट दे सकती हैं।
- बिजली बिल में छूट : उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिसिटी बिल में सीधी छूट दी जा सकती है।

### क्या है इस योजना का मकसद?

सरकार का उद्देश्य है कि देश में बिजली की खपत को कम किया जाए, खासकर गर्मियों में जब एसी का उपयोग चरम पर होता है। यह योजना ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा 5-स्टार रेटेड मॉडल को बढ़ावा देगी और भारत कूलिंग एक्शन प्लान के लक्ष्यों की दिशा में मदद करेगी।

### कितनी होगी बचत?

- पुराने एसी को नए 5-स्टार मॉडल से बदलने पर सालाना 1,276.8 यूनिट बिजली और करीब 6,320 रुपए की बचत हो सकती है।
- अगर 3,000 पुराने एसी बदले जाते हैं, तो सालाना 1.90 करोड़ रुपए और 3.83 मिलियन यूनिट बिजली की बचत होगी।

### कूलिंग बढ़ा रहा है बिजली की खपत

- 2023-24 में देश में कुल बिजली खपत का 25% हिस्सा सिर्फ कूलिंग (अउ, फ्रिज आदि) पर गया।
- 2027-28 तक हर 5 में से 1 भारतीय घर में एसी होने का अनुमान है।
- पुराने एसी (3 स्टार से नीचे) सबसे ज्यादा बिजली खाते हैं और पर्यावरण पर भी असर डालते हैं।

## 3000 रुपए में सालभर फ्री टोल मिलेगा

### सरकार की नई नीति में आम जनता को बड़ी राहत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देशभर के नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस वे में टोल संबंधी समस्याओं का समाधान निकालते हुए नई टोल नीति को अंतिम रूप दे दिया है। इस नीति के जरिए आम लोगों को करीब 50 प्रश तक टोल राहत मिलने वाली है। साथ ही सालाना मात्र 3000 रुपए में अनलिमिटेड हाईवे यात्रा की सुविधा देने की तैयारी है।

**क्या मिलेगा आम लोगों को फायदा?-** 3000 रुपए में सालाना पास : इस पास से पूरे साल देशभर के नेशनल हाईवे और राज्यों के एक्सप्रेस वे पर असीमित सफर किया जा सकेगा, बिना अतिरिक्त टोल के।

- अलग से पास नहीं लेना होगा : टोल की राशि फास्टैग अकाउंट से ही कटेगी।
- कोई दूरी की सीमा नहीं : आप कितनी भी बार यात्रा करें, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।



### सरकार और कंपनियों को क्या होगा फायदा?

- मौजूदा ठेकेदारों (कंसेशनरों) को होने वाले नुकसान की भरपाई सरकार तय फॉमूर्ले के तहत करेगी।
- सभी टोल कलेक्शन डिजिटल और ट्रैक किए जा सकेंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।
- 98 प्रश तक सटीकता के साथ पायलट प्रोजेक्ट सफल रहे हैं, जिससे डिजिटल टोलिंग को बढ़ावा मिलेगा।

### शुरूआत कहां से?

नई टोल नीति की शुरूआत दिल्ली-जयपुर हाईवे से किए जाने की संभावना है। शुरूआत भारी वाहनों और खतरनाक सामग्री ले जाने वाले ट्रकों से की जाएगी।

## बजाज फाइनेंस 11,000 के पार जा सकता है

### ब्रोकरेज बोले निवेशकों की झोली भर सकता है इसका शेयर

एजेंसी

**मुंबई।** शेयर बाजार में अगर कोई नाम लंबे समय से रिटर्न की गारंटी बनकर उभरा है, तो वह है बजाज फाइनेंस। इस दिग्गज ठइन्न्ध्र कंपनी के शेयरों ने इस साल अब तक 33 प्रश से ज्यादा की तेजी दिखाई है और निवेशकों की झोली में भारी मुनाफा डाला है। गिरावट के दौर में भी इसने शानदार प्रदर्शन किया और निवेशकों की दौलत में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का इजाफा कर दिया। 22 अप्रैल 2025 को बीएसई पर कंपनी के शेयर 9246.80 रुपए पर बंद हुए। वहीं, ब्रोकरेज हाउस अब इसमें और बड़ी रैली की संभावना जता रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह शेयर जल्द ही 11,000 रुपए का आंकड़ा पार कर सकता है।

### किस ब्रोकरेज हाउस ने क्या कहा?

- एलारा कैपिटल : बजाज फाइनेंस के लिए 11,161 रुपए का टारगेट दिया है। उनका मानना है कि कंपनी की मजबूत बैलेंस शीट और ग्रोथ आउटलुक इसे आगे बढ़ने की पूरी




क्षमता देता है। बजाज फाइनेंस के शेयरों ने लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स को वाकई करोड़पति बना दिया है।

- 15 साल में : 22,000 प्रश से ज्यादा का रिटर्न
- 10 साल में : 2,137 प्रश का जबरदस्त उछाल
- 5 साल में : 367 प्रश की बंपर तेजी, 1,976 से 9,200 रुपए तक।
- इस दौरान शेयर ने 9391.15 रुपए का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर और 6376.55 रुपए का न्यूनतम स्तर छुआ।

# पोस्ट ऑफिस में 3000 रु. जमा करने पर 5 साल में मिलेंगे 2,14,097 रु.

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर आप कम रिस्क में सुरक्षित निवेश की तलाश में हैं, तो भारतीय डाकघर की बचत योजनाएं आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। पोस्ट ऑफिस न केवल डाक सेवाएं देता है, बल्कि यह कई शानदार सेविंग स्कीम्स भी ऑफर करता है, जिनमें आम आदमी छोटी रकम से भी निवेश शुरू कर सकता है और अच्छा मुनाफा कमा सकता है। आइए जानते हैं कि अगर आप पोस्ट ऑफिस की अलग-अलग योजनाओं में 3000 रुपए जमा करते हैं तो 5 साल में आपको कितना रिटर्न मिलेगा।

**पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट: ब्याज दर 4 प्रश-** अगर आप पोस्ट ऑफिस के सेविंग अकाउंट में 3000 रुपए एकमुश्त जमा करते हैं और उसे 5 साल तक वहीं रहने देते हैं, तो इस पर




मिलने वाले 4 प्रश वार्षिक ब्याज से आपको कुल 3660 रुपए मिलेंगे। यानी 660 रुपए ब्याज के रूप में मिलेगा।

**टाइम डिपॉज़िट : ब्याज दर 7.5 प्रश (5 साल)-** पोस्ट ऑफिस की 5 साल की टीडी योजना पर आपको सालाना 7.5 प्रश का ब्याज मिलता है। अगर आप 3000 रुपए जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 4349 रुपए मिलेंगे। इसमें 1349 रुपए ब्याज के तौर पर शामिल होगा।

### मंथली इनकम स्कीम : ब्याज दर 7.4 प्रश

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो रेगुलर इनकम चाहते हैं। 3000 रुपए की निवेश राशि पर हर महीने करीब 19 रुपए का ब्याज मिलेगा। यानी 5 साल में आपको 1140 रुपए ब्याज मिलेगा और मूलधन 3000 रुपए जोड़कर कुल 4140 रुपए प्राप्त होंगे।

### रेकरिंग डिपॉज़िट : ब्याज दर 6.7 प्रश

आरडी स्कीम में हर महीने 3000 रुपए जमा करने पर 5 साल बाद आपको कुल 2,14,097 रुपए मिलेंगे। इसमें 1,80,000 रुपए आपकी अपनी जमा राशि होगी और 34,097 रुपए ब्याज के रूप में मिलेगा।

# जसप्रीत बुमराह के 300 टी20 विकेट पूरे, मलिंगा की बराबरी पर

एजेंसी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस के आईपीएल मैच में जसप्रीत बुमराह ने 300 टी20 विकेट का आंकड़ा छू लिया। इस विकेट के साथ वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए लसिथ मलिंगा के साथ संयुक्त रूप से 170 विकेट लेने वाले सबसे सफल गेंदबाज बन गए। बुमराह, युजवेंद्र चहल (373) , पीयूष चावला (319), भुवनेश्वर कुमार (318) और आर अश्विन (315) के बाद टी20 क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले 5वें भारतीय गेंदबाज हैं। उन्होंने गुजरात (घरेलू टीम) के लिए 38 विकेट, भारत के लिए 89 विकेट और मुंबई इंडियंस के लिए 173 विकेट लिए, जिसमें चैंपियंस लीग टी20 के 3 विकेट शामिल हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

- 214 विकेट : युजवेंद्र चहल
- 192 विकेट : पीयूष चावला
- 189 विकेट : भुवनेश्वर कुमार
- 187 विकेट : सुनील नरेन
- 185 विकेट : रविचंद्रन अश्विन
- 183 विकेट : डीजे ब्रावो
- 174 विकेट : अमित मिश्रा
- 170 विकेट : लासिथ मलिंगा
- 170 विकेट : जसप्रीत बुमराह
- 165 विकेट : रवींद्र जडेजा

टी20 में सबसे तेज 300 विकेट लेने का रिकॉर्ड वानिंदु हसरंगा के नाम पर है जिन्होंने 208 पारियों में ही यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था। बुमराह इस लिस्ट में 5वें स्थान पर हैं जोकि 238 पारियों में 300 विकेट पूरे कर चुके हैं। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर एंड्रय टाय (211 पारियां) तो तीसरे स्थान पर राशिद खान (213 पारियां) हैं। चौथे स्थान पर लसिथ मलिंगा (222 पारियां) बने हुए हैं।

### आईपीएल में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट

- 1 - लसिथ मलिंगा : 122 मैचों में 170 विकेट
- 2 - जसप्रीत बुमराह : 138 मैचों में 170 विकेट
- 3 - हरभजन सिंह : 136 मैचों में 127 विकेट
- 4 - मिशेल मैक्लेनाघन : 56 मैचों में 71 विकेट
- 5 - कीरोन पोलार्ड : 189 मैचों में 69 विकेट

### मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत



रोहित शर्मा के शानदार अर्धशतक की वजह से मुंबई इंडियंस ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को बुधवार रात 7 विकेट से हरा दिया। यह मुंबई की लगातार चौथी जीत है और उन्होंने अंक तालिका में सीधे तीसरे स्थान पर छलांग लगा दी है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी थी। हैदराबाद एक समय जो 35 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी, ने हेनरिक क्लासेन के 71 और अभिनव मनोहर के 43 रन की बदौलत 8 विकेट पर 143 रन बना लिए। मुंबई के ट्रेंट बोल्ट ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी मुंबई को रोहित शर्मा ने तेजतर्रार अर्धशतक (45 गेंद पर 70 रन) लगाकर जीत के पास पहुंचाया। रोहित को विल जैक्स और सूर्यकुमार यादव का भी सहयोग मिला। सूर्यकुमार ने 42 रन बनाए।

सनराइजर्स हैदराबाद को हराने के साथ ही मुंबई इंडियंस ने अंक तालिका में छठे से सीधे तीसरे स्थान पर एंट्री मार ली। अब मुंबई के 9 मैचों में पांच जीत के साथ 10 अंक हो गए हैं। पहले नंबर पर अभी भी 8 मैचों में छह जीत के साथ गुजरात टाइटंस बनी हुई है जबकि 8 में से 6 मैच जीतकर दिल्ली कैपिटलस दूसरे स्थान पर है। मुंबई ने इस सीजन में कोलकाता के बाद दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और अब हैदराबाद को लगातार चार मैचों में हराया है। वहीं हैदराबाद की बुरी फार्म जारी है। उन्होंने सीजन की छठी हार हासिल की। वह अंक तालिका में सिर्फ 4 अंक के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के साथ निचले पायदानों पर बनी हुई है। हैदराबाद को सिर्फ राजस्थान और पंजाब के खिलाफ ही जीत मिली है।

# 7 साल बाद विदेश में जीती जिम्बाब्वे, बंग्लादेश को बनाया निशाना

एजेंसी



**सिलहट।** बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे ने तीन विकेट से जीत हासिल की। यह 2018 के बाद उनकी पहली विदेशी टेस्ट जीत थी। जिम्बाब्वे ने 174 रनों का लक्ष्य हासिल किया जोकि चौथी पारी में चेज किया गया उनका सबसे बड़ा स्कोर था। अब वह दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त पर आ गए हैं।

इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। उनकी शुरूआत खराब रही। विक्टर न्याउची ने शदमान इस्लाम (12) और महमूदुल हसन जॉय (14) को जल्दी आउट किया, जबकि ब्लेसिंग मुजरबानी और वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा ने तीन-तीन विकेट लिए। मोमिनुल हक की 56 और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो की 40 रनों की पारी ने कुछ स्थिरता प्रदान की, लेकिन मध्य क्रम के ढहने से बांग्लादेश 61 ओवर में 191 रन पर सिमट गया। जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (40*) और बेन कुरेन (17*) ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 14.1 ओवर में 67/0 रन बनाए, जो 124 रन पीछे था।

दूसरे दिन जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी चमकी, जिसमें बेनेट (57) और सीन विलियम्स (59) ने अर्धशतक जड़े। नाहिद राणा की तेज गेंदबाजी और मेहदी हसन मिराज के पांच विकेट (5/52) के बावजूद, जिम्बाब्वे के निचले क्रम, जिसमें न्याशा मायावो (35) और रिचर्ड न्गारावा (28*) शामिल थे, ने महत्वपूर्ण रन जोड़े और 273 रन बनाकर 82 रनों की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरूआत लड़खड़ाई। शदमान जल्दी आउट हुए, लेकिन महमूदुल हसन जॉय (28*) और मोमिनुल हक (15*) ने दिन का खेल 57/1 पर समाप्त किया, जो 25 रन पीछे था।

तीसरे दिन बारिश ने खेल को 44 ओवर तक सीमित कर दिया। बांग्लादेश 194/4 तक पहुंचा, जिसमें शांतो (60*) और जाकर अली (21*) ने महत्वपूर्ण साझेदारी की। मुजरबानी के तीन विकेट, जिसमें जॉय और मोमिनुल (47) शामिल थे, ने जिम्बाब्वे को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन शांतो की जुझारू पारी ने 112 रनों की बढ़त सुनिश्चित की। चौथे दिन, 75 मिनट की बारिश के बाद, जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने शुरूआती झटके दिए। मुजरबानी ने शांतो (60) को दिन की दूसरी गेंद पर आउट किया और 6/72 के आंकड़े के साथ समाप्त किया, जबकि न्याउची और मसाकाद्ज़ा ने बांग्लादेश को 255 पर समेट दिया। जाकर अली (58) और हसन महमूद (12) ने देर तक टक्कर दी, जिससे जिम्बाब्वे के सामने 174 रनों का लक्ष्य रखा गया।

टारगेट का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे के लिए बेनेट और कुरेन ने मजबूत नींव रखी। हालांकि, मेहदी हसन मिराज के दूसरे 5 विकेट हॉल ने 161/7 पर जिम्बाब्वे को संकट में डाल दिया। वेस्ली मधेवेरे (14*) और नंबर 9 रिचर्ड न्गारावा (4*) ने धैर्य बनाए रखा और मधेवेरे के रिवर्स-स्वीप ने 49.4वें ओवर में जीत दिलाई। मुजरबानी के 9/122 के प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया।

## विश्व टेबल टेनिस दिवस मनाया



**इंदौर।** मध्य प्रदेष टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में बुधवार को विश्व टेबल टेनिस दिवस टेबल टेनिस प्रेमियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में मनाया गया। शहर की प्रसिद्ध 56 दुकान पर आयोजित समारोह में 1000 से ज्यादा टेबल टेनिस प्रेमियों ने भाग लिया। 56 दुकान परिसर में टेबल टेनिस खेलने के साथ ही मिनी टेबल का प्रदर्षन भी किया गया। टेबल टेनिस प्रेमियों ने देर रात तक टेबल टेनिस खेल का लुफ्त उठाया। सभी उम्र के टेबल टेनिस प्रेमियों ने विश्व टेबल टेनिस दिवस पर आयोजित अन्य गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर म.प्र. ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद, गौरव पटेल, प्रतीक जैन, अजय राजपूत, मोहन अग्रवाल तथा आनंद अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में आंतकी हमले के दौरान मारे गए लोगों के प्रति श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए दो मिनिट का मौन रखा गया।

## संपादकीय

# चीन का कल्पना लोक से हकीकत तक, 10जी का सफर

चीन ने एक बार फिर सारी दुनिया को तकनीक के क्षेत्र में आश्चर्यचकित कर दिया है। वैश्विक टेक्नोलॉजी को लेकर दुनिया के विकसित एवं विकासशील देश अभी 6ऋतकनीकी पर शोध कर रहे हैं। चीन ने इस बीच 10जी लॉन्च कर दिया है। भारत अभी 5ऋके शुरूआती दौर में हैं। भारत में अभी भी 3ऋऔर 4ऋनेटवर्क में ही काम चल रहा है। गांव-गांव में अभी तक इंटरनेट का नेटवर्क ही नहीं पहुंच पाया है। इसी चीन ने 10 ऋनेटवर्क को वास्तविकता मे बदल दिया है। यह उपलब्धि किसी चमत्कार से कम नही है। इस चमत्कार के बल पर चीन को दुनिया का विश्व गुरु बनने से अब उसे कोई नहीं रोक सकता है। चीन का यह चमत्कार वैश्विक -शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाला है। चीन की टेलीकॉम कंपनी ने 9834 एमबीपीएस की डाउनलोड स्पीड और 108 एमबीपीएस की अपलोड स्पीड के साथ 10 जी नेटवर्क को हेबेई प्रांत के सुनान काउंटी में शुरू कर दिया है। यह नेटवर्क 50जी पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क तकनीक पर आधारित है। जिसने मौजूदा फाइबर ऑप्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इसका असर इंटरनेट उपयोगकताओं,स्वास्थ्य, शिक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, ड्रोन संचार व्यवस्था, स्मार्ट सिटीज और रक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। चीन की यह उपलब्धि तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में उसके दीर्घकालिक निवेश और सोच का परिणाम है। भारत अभी 5ऋनेटवर्क पर ही अटका हुआ है। चीन ने 10ऋको घर-घर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। भारत शोध के क्षेत्र में अपना बजट लगातार घटा रहा है। विश्वविद्यालयों में जिस तरीके के हालात देखने को मिल रहे हैं। उसमें पढ़ाई और शोध के स्थान पर मंदिर-मस्जिद हिंदू राष्ट्र और सनातनी पढ़ाई इतिहास को बदलने तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं। तकनीकी के क्षेत्र में भारत का कोई विजन ही नहीं है। भारत जहां विश्व गुरु बनने की बात करता है। तीसरी अर्थशक्ति बनने की बात करता है। यह सारे दावे हवा हवाई हैं। भारत चीन से सबसे ज्यादा आयात करता है। चीन के बने हिन्दू भगवान भारत में आकर बिकते हैं। हर छोटा बड़ा दैनिक उपयोग का सामान चीन से आ रहा है। भारत की लघु इकाइयां एक-एक करके बंद होती जा रही हैं। तकनीकी के क्षेत्र से भारत का दूर-दूर तक का वास्ता नहीं है। वहीं पड़ोसी देश चीन ने पिछले 30 सालों में वह करके दिखा दिया है। जो भारत सोच भी नहीं पा रहा है। 30 साल पहले भारत और चीन की अर्थव्यवस्था में कोई बहुत ज्यादा अंतर नहीं था। भारत की तुलना में चीन पिछले 30 सालों में हर क्षेत्र में तेजी के साथ प्रगति कर रहा है। वर्तमान स्थिति में भारत को एक स्पष्ट टेक्नोलॉजिकल रोडमैप बनाने की है। शिक्षण संस्थानों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। शिक्षण संस्थानों में योग्य विषय विशेज्ञयों की नियुक्ति करना सबसे बड़ी चुनौती है। वैचारिक आधार पर पिछले कुछ वर्षों में शिक्षण संस्थानों में जो नियुक्तियां हुई है। उसने भारत को बहुत नुकसान पहुंचाया है। किसी भी देश के लिए राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक जरूरतें अलग-अलग तरह की होती हैं। भारत जब स्वतंत्र हुआ था। उसके बाद भारत के जो शिक्षण संस्थान तैयार किये गये थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। पिछले एक दशक में हम इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़ रहे हैं। भारत पिछलग्गू नहीं बने। वर्षों पुरानी तकनीकी के हम गुलाम ना बने। बल्कि नवाचार के साथ आगे बढ़ना होगा। इस दिशा में सरकार की एक सोच होनी चाहिए। भारत की प्रतिभाएं दूसरे देशों में जाकर तकनीकी के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम करती हैं। भारत में उनके लिए कोई अवसर नहीं होते हैं। भारत छोटे-बड़े नवाचार को कभी गंभीरता से नहीं देखता है। हम जब तक कल्पनालोक और सपनों में जीते रहेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सबसे युवा देश होने के बाद भी हम अन्य देशों के पिछलग्गू बनकर अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा उन्हें देते रहेंगे। हमारे यहां का करोणों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं। हमारे छोटे-छोटे उद्योग धंधे खत्म होते जा रहे हैं। यह वास्तविक स्थिति है। जबकि चीन जैसे देश देखते ही देखते दुनिया के सिरमौर बनने जा रहे हैं। हम नारों में अपने आप को विश्व गुरु और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करते रह जाएंगे। हकीकत इसके ठीक विपरीत नजर आती है।

# टी20 विश्व कप के बाद मुझे नजरअंदाज कर दिया गया: आमिर

एजेंसी



**कराची।** पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि टी20 विश्व कप 2024 के बाद उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट ढांचे द्वारा दरकिनार और नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने पिछले साल के अंत में अपने संन्यास के पीछे का कारण संवाद की कमी बताया। आमिर और इमाद वसीम ने पिछले साल के टी20 विश्व कप में खेलने के लिए संन्यास से वापसी की थी लेकिन पाकिस्तान का प्रदर्शन काफी खराब रहा और 2009 का चैंपियन सुपर आठ चरण में जगह बनाने में भी विफल रहा। इन दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दिसंबर में लगातार दिनों में संन्यास की घोषणा की।

आमिर ने एक टीवी चैनल पर कहा, टी20 विश्व कप के बाद मुझे लगा कि पाकिस्तान क्रिकेट ढांचे ने मुझे दरकिनार और नजरअंदाज कर दिया है। टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद किसी ने मेरे से बात तक नहीं की। किसी ने मुझे नहीं बताया कि मैं भविष्य की योजनाओं का हिस्सा हूं या नहीं। एक समझदार व्यक्ति संकेतों को समझता है- यदि आप योजनाओं में नहीं हैं तो आपको अपने बारे में सोचना होगा। मैंने ठीक यही किया। मैंने अब अपना मन बना लिया है- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बहुत-बहुत धन्यवाद।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इससे पहले दिसंबर 2020 में 28 साल की उम्र में कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मुद्दों का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# आरोही बंसल ने ताइक्वांडो स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**इंदौर।** द संस्कार वैली स्कूल भोपाल में खेली गई ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्वांडो स्पर्धा में अंडर 14, 17, 19 बालिका वर्ग में एमराल्ड हाईट्स स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

14 वर्षीय बालिका 24 किलोग्राम वर्ग में आरोही बंसल ने स्वर्ण, गोल्ड मेडल 24 - 26 किलोग्राम में अन्वी उपाध्याय ने रजत, 38 किलोग्राम में रिद्धिमा जैन ने कांस्य पदक हासिल किया। एमराल्ड की टीम 14 वर्षीय बालिका वर्ग टीम इवेंट में रनर अप रही। वहीं 17 वर्षीय बालिका वर्ग 35 किलोग्राम में व्याख्या देव ने कांस्य, 35-38 किलोग्राम में मनसवीनी अग्रवाल ने कांस्य, 46-49 किलोग्राम में जानवी मालवीय ने कांस्य, 63 किलोग्राम अंदर 17 बालिका वर्ग में आन्य गोयल ने कांस्य तथा 19 वर्ष बालिका वर्ग 37 किलोग्राम में अनन्या गर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया। 44-46 किलोग्राम वर्ग में रेनीशा गर्ग ने कांस्य, 59 किलोग्राम में हनी अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। एमरल्ड हाईट्स स्कूल के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

# ऋषव, हितार्थ और आन्या सेमीफाइनल में

गुड इवनिंग, इंदौर

**मध्यप्रदेश के ऋषव रावल, हितार्थ सुराना और आन्या फलजले ने जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए मध्य प्रदेश टेनिस संघ द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित क्वींस कॉलेज ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल प्रवेश कर लिया है।**

### बालक 14 वर्ष आयु वर्ग के अंतिम आठ के मुकाबलों में

ऋषव रावल (म.प्र.) ने अनघ अग्रवाल (म.प्र.) को 6-0, 6-1 से, हितार्थ सुराना (म.प्र.) ने मानवेंद्र त्रिवेदी (महाराष्ट्र) को 7-5, 6-3 से, सोहम पाटीदार (म.प्र.) ने मंत्रा उपाध्याय (गुजरात) को 6-3, 6-3 से तथा मो. आरिज खान (म.प्र.) ने अराध्य पाटिल (म.प्र) को 6-0, 6-0 से मात दी।





**बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग के एकल क्वार्टर फाइनल में-** आन्या फलजले (म.प्र.) ने आन्या राठी (म.प्र.) को 6-1, 7-5 से, खुशवी पड़ीयार (राजस्थान) ने दिविनिति माहेश्वरी (म.प्र.) को 6-0, 6-2 से, मनुस्मृति सिंह (म.प्र.) ने आशरिया फुलरे (म.प्र.) को 6-0, 6-0 से, अहाना फलजले (म.प्र.) ने समबोधी जोशी (राजस्थान) को 6-0, 6-2 से पराजित कर अंतिम 4 में जगह बनाई।

बालक 14 वर्ष आयु वर्ग के युगल क्वार्टर फाइनल में मानवेंद्र त्रिवेदी-शिवांश अग्रवाल ने अराध्य पाटिल- निकुंज साहू को 6-2, 6-1 से, अदविक गुरू-ऋषि चौधरी ने चिन्मय मेहता-गीतांश मखनिया को 6-4, 6-2 से हराया। बालिका वर्ग में आयरा लोधी-आन्या फलजले ने आशना शर्मा-ऐशवी जैन को 6-2, 6-1 से, दिविनिति माहेश्वरी-आन्या राठी ने कतिष्का शर्मा- इदेवा धाकड़ को 6-0, 6-0 से, खुशवी पड़ीयार-समबोधी जोशी को आशरिया फुलरे-मायरा कुशवाह को 6-0, 6-0 से पराजित किया।




## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इंदौर में भारी रोष

# आतंकवाद का फूंका पुतला, लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे

गुड इवनिंग, इंदौर

*कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। इंदौर में भी सर्वधर्म संघ के बेनर तले आतंकवाद का पुतला फूंका गया और पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद नारे लगाए आंतकवादियों को गोली मारो जैसे गंभीर नारे लगाते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया। लोगों ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रिंस यशवंत रोड स्थित इमली साहिब गुरुद्वारा चौक पर सर्वधर्म संघ के मंजूर बेग के नेतृत्व में और सभी धर्म के गुरुओं की की खास मौजूदगी में पहलगाम आतंकी घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।*

घटना में इंदौर के मृतक सुशील नथानियल सहित सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए और घायलों की सलामती के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग ने कहा कि ये हमला इंसानियत के लिए सबसे बड़ा दाग है। उन्होंने कहा इस्लाम मजहब की तालीम (शिक्षा) है कि किसी बेगुनाह इंसान की हत्या करना पूरी इंसानियत का कत्ल करना है। मंजूर बेग ने कहा कि ये आतंकी हमला इंसानियत का कत्ल है। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले शैतान हैं, इनको किसी मजहब से नहीं जोड़ा जा सकता। साधु संतों ने कहा कोई भी मजहब इस तरह की हिंसा की इजाजत नहीं देता जिसमें मासूम लोगों का खून बहाया जाए। उन्होंने कहा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और जो लोग मारे गए हैं उनके परिजनों से हमदर्दी का इजहार करते हैं साथ ही घायलों के जल्दी स्वस्थ होने के लिए दुआ करते हैं। पुतला दहन में मुख्य रूप से संस्था उपाध्यक्ष रियाज खान राष्ट्रीय संत अरुण आनंद महाराज वधार्नंद महाराज माहिर शाह वारसी बाबा मौलाना हकीम सोहेल पठान काजी अकबर एडवोकेट जितेंद्र त्रिपाठी जीतू बाबा मेहर अली शाह वारसी इदरीस बाबा याकूब खान आशिक बाबा वारसी मोहम्मद अकबर जाकिर खान रवीश पचौरी रोहित जोशी मुकेश बजाज फैजान बैग अयूब पठान इरशाद भाई एडवोकेट समीर बैग एडवोकेट जुनेद अहमद खान दिलशाद पठान शकील खान बड़ी संख्या में लोग थे मंजूर बैग संस्था अध्यक्ष सर्वधर्म संघ.



### पहलगाम हमले में 15 मिनट ने बदली किस्मत

**इंदौर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में मंगलवार दोपहर करीब 2:45 बजे जब हमला हुआ, उसी समय मध्य प्रदेश के महू के रहने वाले होटल और प्रॉपर्टी कारोबारी सुमित शर्मा भी अपने परिवार के साथ उसी जगह पर मौजूद थे। वे महज 15 मिनट पहले ही अपने परिवार सहित वहां से निकल गए थे। सुमित शर्मा ने बताया कि वे घटना स्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक स्थान पर रुके हुए हैं। हमले के तुरंत बाद प्रशासन ने सभी पर्यटकों को श्रीनगर भेज दिया और घाटी के सभी होटल खाली कराए गए।

हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और सर्चिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया। सुमित शर्मा ने बताया कि पहले बताया गया कि चार से पांच लोग घायल हुए हैं, लेकिन बाद में यह संख्या बढ़कर 20 से 25 तक पहुंच गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सीआरपीएफ और सेना के जवानों की तैनाती कर दी गई है। पर्यटकों को सुरक्षात्मक तरीके से बाहर निकाला जा रहा है। पहलगाम में रुके पर्यटकों को एक कॉनवॉय बनाकर घाटी से सुरक्षित निकाला जाएगा।

**डर का माहौल, हालात सामान्य होने का इंतजार**-इलाके में अभी भी सेना और अन्य सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। हेलिकॉप्टर की मदद से भी तलाशी ली जा रही है। सुमित शर्मा ने बताया कि घाटी में डर का माहौल है। उनका रिटर्न टिकट 25 मई का है, लेकिन फिलहाल वे तभी घाटी से बाहर निकल पाएंगे जब हालात सामान्य होंगे। महू में उनके परिवार वालों की चिंता भी बढ़ गई है, लगातार फोन आ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे और उनका परिवार पूरी तरह सुरक्षित हैं और घाटी में सेना का पूर्ण नियंत्रण है। शर्मा अपने पत्नी और दो बच्चों के साथ तीन दिन पहले कश्मीर घूमने आए थे।

### नमो नमो शंकरा संस्था ने निकाली मशाल यात्रा

**इंदौर।** नमो नमो शंकरा संस्था के सदस्य कश्मीर के पुलगाव की घटना के विरोध मे मशाल लेकर निकले। पंकज फतेहचनदानी के आह्वान पर सिन्धी कालोनी चौराहे से शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा तक हाथों में मशाल और तख्तियां लिए बच्चे, महिलाएं, पुरुष एक स्वर में 'मोदीजी पावर दिखाइए' के नारे लगाते निकले।




## इंदौर के डॉक्टर से सालभर में ठगे सवा तीन करोड़

### शेयर बाजार का फर्जी पोर्टफोलियो बनाकर लिया था झांसे में



गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर शहर में करोड़ों रुपयों की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अपराध शाखा ने डॉक्टर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। ठगी की राशि अलग-अलग म्यूल खातों में जमा करवाई गई है। पुलिस खाते मुहैया करवाने वाले पैडलर और ठगी करने वाली महिला को तलाश रही है। पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी स्कीम-54 (विजयनगर) निवासी रुद्र कुमार गुप्ता के साथ हुई है। गुप्ता शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। पिछले वर्ष पांच सितंबर को टेलीग्राम एप पर प्रीति नामक महिला ने शेयर बाजार में निवेश और मुनाफे के बारे में जिक्र किया।

डॉ. रुद्र उसकी बातों में आ गए। प्रीति ने www.xtb-globlltd.com वेब साइट की लिंक भेजी और रजिस्ट्रेशन करने की सलाह दी। डॉ. रुद्र ने 12 सितंबर को मां एवं स्वयं के नाम से रजिस्ट्रेशन कर लिया। प्रीति ने डॉक्टर को डायरेक्टर ग्रुप में भी शामिल कर कस्टमर कोड नंबर और आईडी आवंटित की। डॉक्टर ने 10 हजार रुपये के बदले 10 हजार 535 रुपये निकाले। इससे विश्वास बढ़ गया और आरोपितों के इशारे पर धीरे-धीरे तीन करोड़ 23 लाख 38 हजार रुपये जमा करवा दिए।

#### 1 करोड़ निकालने के दौरान हुआ शक

डॉक्टर का एप पर बकायदा पोर्टफोलियो बनाया गया था। उसमें स्टाक मार्केट की तरह उतार-चढ़ाव भी दिखाई देता था। डॉक्टर को करोड़ों रुपये का मुनाफा दिखाई दे रहा था। कुछ समय बाद उन्होंने एक करोड़ रुपये निकालने का प्रयास किया तो प्रीति और कस्टमर केयर द्वारा गेन टैक्स, करंसी एक्सचेंज, आयकर टैक्स मांगा गया। शक होने पर डॉक्टर ने अपराध शाखा के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी व एडीसीपी राजेश दंडोतिया को शिकायत की। एसआई सीटू जरिया ने जांच की तो विभिन्न राज्यों के म्यूल खातों की जानकारी मिली। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया।

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के बेटे मिलिंद महाजन की कंपनी से 18 लाख की ठगी के प्रयास में मामला दर्ज

गुड इवनिंग, इंदौर

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे मिलिंद महाजन के नाम से फर्जी कागजात तैयार कर उनकी कंपनी के साथ 18 लाख से ज्यादा की ठगी करने के प्रयास में उनकी कंपनी के एचआर मैनेजर अभिषेक शर्मा ने क्राइम ब्रांच पहुंच शिकायत दर्ज कराई है।

मामला मिलिंद महाजन की मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल कंपनी का है जिसमें आरोपी ने खुद को लोकसभा अध्यक्ष का बेटा बता बैंक में मेल किए और अकाउंट से लाखों रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर करने को कहा। मामले में शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने केस रजिस्टर्ड कर लिया है। अभिषेक शर्मा ने अपनी शिकायत में क्राइम ब्रांच को बताया कि उनकी कंपनी का अकाउंट एसबीआई की

### जांच जारी, आरोपी ने मिलिंद के नाम से बैंक में किए कॉल

साजन नगर शाखा में है। जहां ब्रांच मैनेजर को दो बार आएं कॉल में बात करने वाले नेता खुद को मिलिंद महाजन बता दो अकाउंट में 18 लाख से ज्यादा राशि ट्रांसफर करने को कहा। उसने मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल की फर्जी ईमेल आईडी और मिलिंद के नाम से एक लेटर भी भेजा। लेकिन जिसमें लिखा गया मोबाइल नंबर मिलिंद महाजन का नहीं है।

मोबाइल नंबर अलग होने के कारण बैंक मैनेजर को शंका हुई और उन्होंने कंपनी में फोन कर जानकारी निकाली तो पता चला ईमेल आईडी भी कंपनी की नहीं है। शिकायत के बाद जांच की गई तो पता चला जिस नंबर से बैंक मैनेजर को काल आ रहे थे उस नंबर से ही कुछ दिनों पहले दो लोडिंग गाड़ियां लेने के लिए मिलिंद महाजन की कंपनी में एक वॉटर कंपनी से कॉल आया था। जिसमें लोडिंग गाड़ियों के कोटेशन सहित कुछ अन्य डॉक्यूमेंट मांगे थे। जो कि सामान्य व्यवहार के तहत मिलिंद महाजन की कंपनी द्वारा डिस्पेच किए गए थे और उन पर मिलिंद महाजन के हस्ताक्षर थे।

इस जानकारी पर शंका होने के बाद जब उक्त वॉटर कंपनी से संपर्क किया और जानकारी मांगने वाले की डिटेल मांगी, वहां ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली, वह व्यक्ति फर्जी निकला। अब इसी आधार पर क्राइम ब्रांच आगे जांच कार्रवाई कर रही है।


### दुष्कर्म का आरोपी स्कूल बस ड्राइवर गिरफ्तार, पीड़िता को दे रहा था फोटो वायरल करने की धमकी

## ब्लैकमेलिंग से परेशान शिक्षिका ने की आत्मदाह की कोशिश

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में एक बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक निजी स्कूल बस ड्राइवर ने अपनी ही स्कूल की शिक्षिका के साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसे धमकी दी कि वह घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने आत्मदाह की कोशिश की जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पीड़िता को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने अपनी पूरी कहानी परिजनों के सामने बताई। इस घटना के बाद शिक्षिका के परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई और तिलकनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

**जुलाई 2023 में शुरू हुई दोस्ती, फिर हुआ दुष्कर्म**-यह घटना जुलाई 2023 से शुरू हुई, जब शिक्षिका ने अपनी दिनचर्या में



उसी स्कूल बस से यात्रा करना शुरू किया जिसमें रोहित नामक ड्राइवर काम करता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती हो गई और बातचीत सोशल मीडिया और फोन के जरिए होने लगी। सितंबर 2023 में रोहित ने शिक्षिका को खजराना मंदिर दर्शन के लिए बुलाया। मंदिर में दर्शन के बाद रोहित ने उसे पानी की बोतल दी जिससे वह अचानक घबराहट महसूस करने लगी और बेहोश हो गई। जब शिक्षिका को होश आया तो उसे एहसास हुआ कि रोहित ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद रोहित ने पीड़िता को अपनी कार में बिठाकर मंदिर से घर वापस छोड़ाए और फिर फोन पर उसे समझाने की कोशिश की कि जो हुआ वह कुछ खास नहीं था। लेकिन बाद में पीड़िता को यह पता चला कि आरोपी ने उसकी कुछ फोटो ली थीं। जिनका वह ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल करने की धमकी दे रहा था।

**सगाई हुई तो करने लगा परेशान**-वक्त के साथ जब शिक्षिका ने आरोपी से अपनी बात करना बंद कर दिया और जनवरी 2025 में उसकी सगाई हो गईए तब रोहित ने उसे मानसिक रूप से परेशान करना शुरू कर दिया। उसने धमकी दी कि वह दुष्कर्म की फोटो और वीडियो सार्वजनिक कर देगा। ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता ने आत्मदाह की कोशिश कीए जिससे वह गंभीर रूप से जल गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही।

### पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, आरोपी गिरफ्तार

जब पीड़िता के परिजनों को यह पूरा मामला पता चला तो उन्होंने तिलकनगर पुलिस से संपर्क किया और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने फौरन कार्रवाई की और आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पहले ही स्कूल में एक अन्य ड्राइवर शुभम को बस का स्टेयरिंग सौंप दिया था और खुद शिक्षिका के पास जाकर सीट के बीच रेप किया। पीड़िता की तरफ से पूरी घटना की जानकारी मिलने के बादए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और अब आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।